हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- महादेवघाट में छठ पूजा की सफाई आधी अधूरी निगम की बेरूखी
- छठी मइया की विधि-विधान से होगी पूजा अर्चना

### सवा लाख दीपों से खारुन की महाआरती

7 नवंबर को रंजीतनंदन मिश्र के नेतृत्व में खारुन महाआरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें सवा लाख दीपों की जगमग से खारुन महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। नवा रायपुर के अटल नगर में झांझ तालाब किनारे भी भव्यता के साथ छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा।



# नहाय खाय की रस्म के साथ छठ पूजा महापर्व कल से, खारुन में सफाई अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में भगवान सूर्य देव की उपासना का छठ महापर्व 5 नवंबर को नहाय खाय के रस्म के साथ शुरू होने जा रहा है। शहर के 50 से अधिक स्थानों पर तालाब किनारे छठी मइया की पूजा अर्चना करने उपासक बड़ी संख्या में जुटेंगे। मुख्य कार्यक्रम राजधानी के ▶▶|शेष पेज 11 पर

### खारुन खाट पर अभी भी गंदगी

खाट और घाट के आसपास अभी भी गंदगी दिख रही है। अर्ध्य देने के लिए उपासक बड़ी संख्या में खारुन नदी के घाट पर पहुंचेंगे। उसके लिए सफाई की जाती है। छठ समिति और निगम इसकी जिम्मेदारी निभाता रहा है। आसपास सफाई की गई है लेकिन अभी भी पूरी तरह स्वच्छता नहीं दिख रही है।

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो नेता से चाकू की नोक पर लूट

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में जांजगीर-चांपा जिले के एक भाजयुमो नेता ने एक्टिवा सवार तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चाकू की नोक पर मारपीट कर नकदी 10 हजार रुपए तथा मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, आकाश तिवारी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। आकाश ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात 9 बजे वह अपने दोस्त से मिलकर लौट रहा था। इसी दौरान स्कूटी सवार बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया। बीचबचाव करने आए आकाश के दोस्त के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की।

### सूने मकान की खिड़की तोड़कर दो लाख की चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान की खिड़की में लगी ग्रिल तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश कर नकदी सहित दो लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बोरियाखुर्द निवासी जावेद हुसैन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। जावेद ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ 17 अक्टूबर को ग्वालियर गया था। उसे उसके पड़ोसी ने 31 अक्टूबर को चोरी होने की सूचना दी। ग्वालियर से शनिवार को लौटने के बाद जावेद ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

### तालाब पार बैठे किशोर पर चाकू से हमला

**रायपुर।** टिकारापारा थाने में एक किशोर ने छह-सात अज्ञात लड़कों के खिलाफ अकारण मारपीट कर चाकू से हमला करने तथा घर पर ईंट, पत्थर फेंकने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बोरियाखुर्द स्थित गजराज तालाब के पास बैठा था। इस दौरान छह-सात की संख्या में अज्ञात बदमाश किशोर के पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने किशोर तथा उसके साथी के साथ मारपीट की तथा चाकू से हमला कर दिया। परिजन किशोर को बचाने आए, तब बदमाशों ने किशोर के परिजनों पर हमला कर घर में ईंट, पत्थर फेंकें और मौके से फरार हो गए।

### पेट्रोल के पैसे मांगने पर पंप कर्मी से मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक पेट्रोल पंप कर्मी ने दोपहिया सवार दो लड़कों के खिलाफ पेट्रोल के पैसे मांगने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अहमदजी भाई एंड संस पेट्रोल पंप के डीसीएम आशीष पाण्डेय ने दोपहिया सीजी 04 एनके 8479 के चालक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आशीष ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार देर रात दोनों लड़के गाड़ी में पेट्रोल डलवाने आए थे। पेट्रोल के पैसे मांगने पर बदमाशों ने पंप कर्मियों के साथ मारपीट की।

आने वाले दिनों में एयर फेयर में राहत की उम्मीद नहीं

# दिवाली के बाद फ्लाइट का किराया हवा-हवाई मुंबई-दिल्ली का फेयर 23 हजार तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली की छुट्टी समाप्त होने पर लोगों की वापसी का सिलसिला शुरू होने के बाद फ्लाइट के किराए में ठंड के मौसम में भी गर्मी आ गई है। रविवार को रायपुर से मुंबई जाने वालों को सर्वाधिक किराया 23 हजार रुपए देना पड़ा। इसी तरह दिल्ली का फेयर भी बीस हजार से ज्यादा था।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अभी विमान यात्रा करने वालों को किराए में राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। त्योहार पर बड़ी संख्या में लोग अपने घर आते है, जिनकी वापसी का दौर शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने काफी समय पहले टिकट की बुकिंग कराई थी, जिसकी वजह से बाकी बची सीमित सीटों की कीमत अधिक हो चुकी है। रविवार को रायपुर से मुंबई जाने वाली अंतिम फ्लाइट का किराया 23 हजार रुपए तक पहुंचा। इसी तरह सोमवार को भी सफर के लिए टिकट बुक कराने वालों को इसके लिए 19 हजार रुपए तक देना पड़ेगा। मुंबई की तरह देश की राजधानी दिल्ली तक जाने वाले यात्रियों को 20 हजार से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। इन शहरों के लिए रायपुर से एक से ज्यादा फ्लाइट संचालित होती है। इसी तरह एक उड़ान के जरिए कनेक्ट बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों का किराया भी 17 से 18 हजार तक पहुंच गया है। संख्या ज्यादा होने की वजह से विमानन कंपनी यात्रियों की जेब काटने का मौका नहीं चूक रही है। दूसरी ओर दिल्ली-मुंबई सहित अन्य शहरों से रायपुर आने का एयर फेयर अभी कम है। इन शहरों से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट तक की उड़ान छह से सात हजार के खर्च में आसानी से पूरी हो जा रही है।

**बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों का किराया भी 17 से 18 हजार तक पहुंचा**

हरिभूमि सरोकार

### बीती दिवाली, अब वापसी का किराया आसमान छू रहा, दिल्ली का हवाई टिकट 20 हजार तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली का त्योहार बीतने के बाद सीमित दिनों की छुट्टी पर घर आने वालों की कार्यस्थलों पर वापसी की शुरू हो गई है। अब रायपुर से अन्य शहरों की ओर जाने वाली फ्लाइट का एयर फेयर सामान्य से काफी अधिक हो गया है। दिल्ली जैसे शहर किराया रविवार को 20 हजार तक पहुंच गया है। साथ ही इंदौर, मुंबई, सहित अन्य शहरों का फेयर भी आसमान पर है।

दिल्ली, मुंबई सहित तमाम ... एयर फेयर ... सामान्य से काफी ज्यादा

त्योहार के पहले बड़ी संख्या में लोग अपने घर गए हुए थे, इसलिए रायपुर से उड़ान भरने के बजाय यहां लैंड होने वाली विभिन्न शहरों की फ्लाइट का किराया काफी अधिक था।

**दो सप्ताह से यात्री 50 हजार के पार**

दिवाली का असर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में पिछले दो सप्ताह से नजर आ रहा है। रायपुर विमानतल के जरिए आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या 50 हजार के पार हो रही है। त्योहार के पहले रायपुर आने वाले यात्रियों की संख्या जाने वालों की तुलना में सात से आठ हजार तक ज्यादा थी। अब आगमन की तुलना में वापसी करने वालों की संख्या अधिक होने के आसार हैं।

**प्रमुख शहरों का किराया (लगभग)**

| शहर | रविवार | सोमवार |
|---|---|---|
| दिल्ली | 20-21 हजार | 10 से 13 हजार |
| मुंबई | 13-19 हजार | 10 से 15 हजार |
| बेंगलुरु | साढ़े 17 हजार | 15 से 18 हजार |
| पुणे | 16 हजार | 14 हजार |
| हैदराबाद | साढ़े 16 हजार | 16 हजार 300 |
| कोलकाता | 16 हजार | 10 से 12 हजार |

3 नवंबर को प्रकाशित खबर

- दिवाली की छुट्टी खत्म होने के बाद वापसी का सिलसिला जारी
- हवाई जहाज के किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी से परेशान
- बड़े शहरों से लौटने में लग रहा तीन से चार गुना तक किराया



### छुट्टियों में फिर होगा पीक

व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास के मुताबिक सप्ताहभर यही स्थिति रहने के बाद यात्रियों की संख्या सामान्य हो जाएगी और किराया अपने न्यूनतम स्तर पर आ जाएगा। उन्होंने संभावना जताई है कि अगले माह होने वाले शीतकालीन अवकाश के दौरान पुनः हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में वृद्धि होगी। छुट्टी के दिनों में लोग गर्म प्रदेशों का टूर बनाएंगे। इस दौरान हवाई किराए में पुनः वृद्धि होने के आसार हैं।

### नहीं मिली नई फ्लाइट

सितंबर के अंतिम दिनों से विमानों की आवाजाही विंटर शेड्यूल के हिसाब से होने लगी है। रायपुर से फ्लाइट के संचालन में ठंड के मौसम का कोई खास असर नहीं हुआ है। केवल दो उड़ान जो नियमित किया गया है। रायपुर से जयपुर सहित विभिन्न शहरों के लिए सीधी फ्लाइट शुरू किए जाने की डिमांड काफी समय से हैं मगर अब तक इस पर किसी तरह का विचार विमानन कंपनी द्वारा नहीं किया गया है।

### सोमवार को ऐसा रहेगा रायपुर से अनुमानित किराया

- मुंबई का फेयर 15 हजार से 19 हजार के लगभग
- दिल्ली का किराया 14 हजार से 17 हजार के करीब
- कोलकाता का फेयर 10 हजार से 16 हजार के लगभग
- बेंगलुरु का किराया 18 हजार, पूणे का 17 हजार के करीब

# सड़क कांग्रेस के अधिवेशन में शामिल होने आएंगे गडकरी

- 8 से 11 नवंबर तक साइंस कॉलेज ग्राउंड पर होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल होंगे। वार्षिक अधिवेशन का आयोजन 8 से 11 नवम्बर तक शहर के साइंस कॉलेज ग्राउंड पर होगा।

देश के हर मेट्रो सिटी के बड़े डेवलपर्स के साथ इस कार्यक्रम में श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर जैसे देशों के कंस्ट्रक्शन एक्सपर्ट और वैज्ञानिक भी यहां होंगे। 4 दिनों तक चलने वाले इस अधिवेशन में रोड कंस्ट्रक्शन से जुड़ी नई तकनीक पर चर्चा होगी। कांफ्रेंस में यह भी तय होगा कि आगे आने वाले दिनों में भारत और छत्तीसगढ़ में किस तकनीक से अधिक टिकाऊ सड़कें बनाई जा सकती हैं।

### 3 हजार प्रतिनिधि होंगे शामिल

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, देशभर से 3000 प्रतिनिधि इस अधिवेशन में शामिल होने रायपुर आ रहे हैं। दुनिया में निर्माण के क्षेत्र में जो नई टेक्नोलॉजी आ रही है, उन सबकी चर्चा यहां पर होगी। हमने निर्धारित किया है कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति सभ्यता से पूरे देश के लोगों को परिचित करा सकें। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, खनिज, पर्यटन, वन की ताकत को भी हम वहां प्रदर्शित करने वाले हैं। देश के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी यहां उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

### चाकू से दहशत फैलाते धरा गया बदमाश

रायपुर। एक्सप्रेस-वे चूनाभट्टी पुरानी शराब दुकान के सामने चाकू लहराकर दहशत फैलाते एक बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा। गंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की 20-25 साल का एक युवक हाथ में स्टील का बटनदार चाकू लेकर वहां से आने-जाने वालों को धमका रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा और चाकू बरामद किया। आरोपी कार्तिक सोना ब्रह्मदेई पारा खमतराई क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया।

# मारुति की कारों और सोने के सेट की डिमांड रही ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली पर ऑटोमोबाइल सेक्टर के साथ सराफा में जमकर खरीदारी हुई है। प्रदेश में दस हजार से ज्यादा कारें बिकी हैं। इनमें सबसे ज्यादा डिमांड मारुति की कारों की रही है। मॉडल की बात करें, तो सबसे ज्यादा मारुति सुजुकी अर्टिगा बिकी है। इसी के साथ अन्य मॉडलों की भी डिमांड रही। प्रदेश में सबसे ज्यादा चार हजार मारुति की कारें बिकी हैं। सराफा में इस बार सोने के जेवरों की ज्यादा डिमांड रही। इसकी बिक्री सबसे ज्यादा हुई है। खासकर सोने के सेट की खरीदारी ज्यादा हुई है। ये सेट डेढ़ लाख से प्रारंभ होते हैं।

त्योहारी सीजन में इस बार प्रदेश के बाजार में जमकर माता लक्ष्मी की कृपा बरसी और हर सेक्टर में अच्छी खरीदारी हुई है। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर वाहनों के साथ ही सोने और चांदी की ज्यादा बिक्री होती है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में जहां पूरे त्योहारी सीजन में दो हजार करोड़ का कारोबार हुआ है, वहीं सराफा में तीन हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

### मारुति के ये मॉडल बिके ज्यादा

देश भर में सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में मारुति का ही नाम आता है। ऐसे में अपने राज्य में भी मारुति की कारों का क्रेज ज्यादा रहा। मारुति स्काई आटो के संचालक अनिल अग्रवाल के मुताबिक प्रदेश में मारुति की कारों की बिक्री सबसे ज्यादा हुई है। त्योहारी सीजन में चार हजार के करीब कारें बिकी हैं। इसमें सबसे ज्यादा डिमांड मारुति सुजुकी अर्टिगा की रही है। इसी के साथ स्विफ्ट, इको, बेलेनो और ग्रैंड विटारा की सबसे ज्यादा डिमांड रही है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक भी कारों की बिक्री में मारुति का प्रतिशत 40 से 45 फीसदी रहा है।



- हॉलमार्क के कारण जेवरों का ज्यादा रहा क्रेज, सोने के सिक्कों की डिमांड रही कम

### जेवरों की ज्यादा बिक्री

सराफा में इस बार सोने के जेवरों की ज्यादा बिक्री हुई है। इसके पीछे का कारण सराफा कारोबारी यह बताते हैं कि अब सोने के जेवरों में हॉलमार्क जरूरी हो गया है। ऐसे में ग्राहकों को यह लगता है कि अब सोने के जेवर लेने के बाद उनका उपयोग पांच से दस साल करने के बाद भी उनको बेचने पर अच्छी कीमत मिल जाएगी तो नए डिजाइन के दूसरे जेवर ले सकते हैं। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक सबसे ज्यादा इस बार सोने के सेट की डिमांड रही। इसमें गले का हार और कान का सेट रहता है। इसकी कीमत डेढ़ लाख से प्रारंभ होती है। इससे ज्यादा कीमत के सेट भी ग्राहकों ने अपनी क्षमता के मुताबिक खरीदी हैं। अन्य जेवरों में जिसकी ज्यादा डिमांड रही उसमें सोने के कंगन और मंगलसूत्र और सोने की चैन है। सोने के सिक्कों की इस बार डिमांड कम रही है।

# बहन के साथ प्रेम विवाह नाराज युवक ने जीजा को चाकू से गोद डाला

- शरीर के अलग-अलग जगहों पर चाकू से एक दर्जन से ज्यादा वार
- एक माह पूर्व युवती से किया था प्रेम विवाह
- घटना से नाराज एसएसपी ने टीआई को लाइन अटैच किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले दिनों आधा दर्जन से ज्यादा हत्या, चाकूबाजी, मारपीट की घटनाएं हुई हैं। मामलों की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने हत्या तथा अन्य गंभीर अपराध के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। तिल्दा थाना ▶▶|शेष पेज 11 पर

### एक दर्जन से ज्यादा वार

पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश की क्षत विक्षत लाश नाला किनारे लावारिश हालत में मिली थी। मृतक की शिनाख्त करने के बाद उसका पोस्ट मार्टम कराया गया। शार्ट पीएम में ओम प्रकाश के शरीर के अलग-अलग अंगों में चाकू से एक दर्जन से ज्यादा वार करने की पुष्टि हुई है।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक तुलसी निवासी ओम प्रकाश रात्रे उर्फ गोला की हत्या के आरोप में हेम कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश शुक्रवार को बाइक लेकर घर से निकला था। इसी दौरान हेम कुमार ने ओम प्रकाश का रास्ता रोक चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी। संदेह के आधार पर पुलिस ने हेम कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने पुलिस को बताया कि ओम प्रकाश ने उसके बड़े पिताजी की बेटी से एक माह पूर्व प्रेम विवाह किया था। इसी बात से उसने नाराज होकर ओम प्रकाश की हत्या की है।

घटना तिल्दा थाना क्षेत्र की, उपद्रव को देखते हुए रायपुर से अतिरिक्त बल रवाना

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत के बाद बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तिल्दा थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत होने के बाद ग्रामीणों ने जमकर बवाल मचाया। पुलिस के अनुसार, बाइक चालक ने तेज रफ्तार कार से बचने के लिए बाइक मोड़ी, इस दौरान वह खड़े ट्रक से टकरा गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों के हंगामे को देखते हुए रायपुर से अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, ट्रक से टकराने की वजह से राहुल साहू की मौत हुई है।तिल्दा कोटा रोड स्थित हाईस्कूल के पास एक सीमेंट गैरेज है। गैरेज के पास से राहुल अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान बाइक ▶▶|शेष पेज 11 पर

### हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक फूंका





### थाने का घेराव, किया चक्काजाम

घटना के बाद तीन सौ से चार सौ के करीब ग्रामीणों ने सीमेंट गैरेज का घेराव कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने भगा दिया। इसके बाद ग्रामीण थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिए हैं। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर सहित अन्य पुलिस अफसर घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# चकल्लस

## एक कुर्सी, दो अफसर...

चिकित्सा शिक्षा विभाग में इन दिनों अजीबोगरीब घटनाएं हो रही हैं, जो चर्चा का विषय बन जा रही हैं। बिलासपुर मेडिकल कॉलेज के डीन की कुर्सी भी इसमें से एक है। स्वशासी समिति की बैठक में अनुपस्थिति का कारण जाने बिना पुराने डीन को निलंबित कर नई नियुक्ति कर दी गई। पुराने डीन ने निलंबन आदेश को कोर्ट में चुनौती दी और अपने पक्ष में फैसला लेकर आ गए। तब से लेकर अब तक मेडिकल कॉलेज में दो डीन कामकाज संभाल रहे हैं और कर्मचारी असमंजस की स्थिति में अपना कामकाज निपटा रहे।



## जिन्होंने तोड़ा, वही जोड़ेंगे...

मरीजों से ज्यादा पैसे की वसूली के मामले में आयुष्मान योजना से बर्खास्त किए गए कुछ अस्पतालों को पुनः इंपैनल्ड किए जाने की तैयारी की जा रही है। इन अस्पतालों पर कार्रवाई के लिए उस दौरान तैयार किए गए आरोपपत्र को अब हल्का करने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए भारी लेनदेन किया गया है। चर्चा है कि इलाज के नाम पर अधिक लालच दिखाने वाले अस्पतालों को योजना में जोड़ने उसी अधिकारी की दिलचस्पी ज्यादा है, जिसने उन्हें लापरवाही के मामले में उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया था।

## ट्रिपल इंजन सरकार ...

कॉर्पोरेशन इलेक्शन को लेकर मेंबर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। किसी को वार्ड में आरक्षण की लॉटरी की फिक्र है तो कोई पुराने इलाके के वोटर कटने से परेशान। इन सबके बीच ऐसे खाटी मेंबर भी हैं जो इस बात को लेकर परेशान हैं कि मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष होगा या अप्रत्यक्ष प्रणाली से। कहने वाले तो ये कह रहे हैं कि अभी तक हमारे पार्टी की डबल इंजन वाली सरकार रही है। अबकी बार डंके की चोट पर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर दिखा देंगे। अपोजिशन वाले फुसफुसा रहे कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग है और निकाय चुनाव अलग। इसमें वार्ड की जनता मेंबर की छवि देखकर वोट देती है, इसलिए अभी से कुछ कहना ठीक नहीं होगा।

## किस्मत वाले साहब ...

बड़े साहब के तबादले की अटकलों पर विराम लगने के बाद व्हाइट हाउस वाले बतियाते फिर रहे हैं कि अपने साहब किस्मत वाले हैं, अगल-बगल के कॉर्पोरेशन वाले निपट गए, पर साहब यहीं टिके हुए हैं। एक ने कहा, इलेक्शन निपटाकर जाएंगे, लगता है। दूसरे ने कमेंट पास किया, जय-वीरू की जोड़ी तोड़ना आसान नहीं। अब ये बात अलग है, पहले जिन साहब को लेकर यही बात कही जा रही थी, उन्हें ऐसी जगह प्रमोशन-ट्रांसफर मिला, जिसके बारे किसी ने सोचा तक न था।



## जाने जां...

कब, कौन दगा दे जाए, कह नहीं सकते। ऐसा है कि यूथ कांग्रेस से एक को टिकट तो हासिल हो ही गई। लाडले को उम्मीद थी कि पूरा यूथ कांग्रेस और साथ ही साथ एनएसयूआई भी उनके साथ हो जाएगा, लेकिन हालात इससे अलग हैं। साहब अकेले ही घूम रहे हैं। गिनती के दो-चार लोग ही साथ हो लिए हैं, उन्हें भी बकायदा मुआवजा दिया जा रहा है। उनके दोस्त-यार दबी जुबान में उनका ही विरोध कर रहे हैं। कहते हैं कि जब वक्त था, कुछ किया नहीं उनके लिए। अब क्यों अपनी जान लुटाई जाए। वैसे ठीक भी हैं। धरती गोल है। कर्म लौटकर आते ही हैं।

## कौन है वो... कौन है?

बाहुबली फिल्म का वो गाना सुना है आपने? कौन है वो... कौन है... कहां से है आया... नहीं सुना तो कोई बात नहीं। सीधे लाइव ही देख लीजिए। दुर्ग विवि में नए कुलपति के लिए लिफाफे बंद हो चुके हैं। प्रदेश के आधा दर्जन विवि में 2024 और 2025 मिलाकर कुलपतियों की भर्ती होनी है। अब कौन आएगा और कहां से पाएगा पता नहीं। आवेदन भरने वाले में कई ऐसे हैं, जिन्हें पता है कि उनका चयन नामुमकिन है। इसके बाद भी माहौल बनाने अपनी अर्जी डाल दी है। बाकि सुनने में आया है कि सेटिंग जारी है। कोई कितना भी विद्वान क्यों ना हो, आएगा तो 'अपना' आदमी ही।

## एक नाम का रहस्य

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के दौरान प्रत्याशी चयन के लिए पूरे भाजपा संगठन ने अपने नेताओं से नाम लिए। संगठन के नेताओं ने इसके लिए तीन-तीन नामों का सुझाव दिया। यह सीट बृजमोहन के इस्तीफे से खाली हुई है। जब उनसे नाम मांगा गया तो उन्होंने केवल एक ही नाम दिया। आलाकमान ने उसी नाम को फायनल कर दिया। चुनाव के बीच चर्चा में रहा कि मंत्रिमंडल में रिक्त मंत्री का पद भरने के लिए भी नाम मांगा जाएगा, ऐसा लगता है कि उस समय भी एक ही नाम आएगा। पार्टी संगठन के लोग अब एक नाम के रहस्य को जानने के लिए उत्सुक हैं। फिलहाल उपचुनाव में लगकर इस चर्चा का आगे बढ़ा रहे हैं कि यह नाम किसका होगा?

## वन मैन शो

राज्य पर्यावरण मंडल में एक अनोखा आदेश देखने में आया। आदेश में अनुमोदन देने और आदेश जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम एक ही है। आदेश के माध्यम से अपनी सीमा लांघने वाले एक अधिकारी को निलंबित किया गया। यहां सवाल उठ रहा है कि निलंबन आदेश जारी करने से पहले अधिकारी को अपने से अनुमोदन क्यों लेना पड़ा? जिन्हें निलंबित किया गया है, सालों से वहीं पदस्थ थे। पूरे मामले के पीछे यह कहा जा रहा है कि एक अफसर की भूमिका में रहे मंत्री को प्रक्रिया की पूरी जानकारी है, उसके बाद भी ऐसा क्या हुआ कि इा तरह का आदेश जारी करना पड़ा?

## चाकूपुर से अपराधपुर

रायपुर ऐसा नहीं था। मतलब इतना अशांत। हत्या जैसे सामान्य घटना हो गई है। पहले रायपुर को चाकूपुर का तमगा मिल चुका था। अब अपराधपुर होता जा रहा है। क्या इसके लिए अकेली पुलिस ही जिम्मेदार है? खबरी का कहना है कि किसी भी शहर या समाज का स्वरूप दो तरह से तय होता है। खुद लोग और लोगों की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग यानी पुलिस-प्रशासन। हो यह रहा है कि पुलिस अपना काम छोड़कर हर काम कर रही है। आधा अमला तो वसूली में लगा है या साहबों की तामीरदारी में। कुछ ईमानदार पुलिस अफसर हैं जिनकी रीड की हड्डी सीधी है। बाकी तो...। जनता का हाल यह है कि उन्हें न पुलिस का खौफ है न जेल जाने का। इसका इलाज...पुलिस अपनी जिम्मेदारी समझे और जनता अपनी। इसके बिना शहर शांत होने वाला नहीं है।

## हार के बाद जीत की उम्मीद

छत्तीसगढ़ में हो रहे इकलौते विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रतिष्ठा एक बार फिर दांव पर है। हालांकि चुनावों में जीत-हार होती रहती है, लेकिन कांग्रेस की हालत ये है कि पिछले विधानसभा और उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। अब उपचुनाव के लिए फिर से उठ खड़े होने के लिए पार्टी ने हिम्मत दिखाई है। पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में करीब 50 प्रतिशत ऐसे नेता हैं, जो खुद ही विधानसभा और लोकसभा चुनाव हारे हुए हैं। खबरी का कहना है कि हारे हुए नेता को कम नहीं समझना चाहिए। वह यह तो बता ही सकता है कि हारना कैसे नहीं है।

## हिसाब बराबर करने का मौका

हमारे यहां अब जल्द ही गांवों यानी पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों में ग्राम पंचायत, जनपद और जिला पंचायतों के चुनाव होने हैं। इन छोटे चुनावों में मुद्दे तो बहुत से हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार का होने की संभावना है। वजह ये है कि एक साल पहले गबन के 2200 मामलों का खुलासा हुआ। इनमें से 50 प्रतिशत यानी 11 सौ से अधिक तो ग्राम पंचायतों के ही हैं, इनके अलावा जनपद और जिला पंचायतों के भी मामले हैं। गांववाले भले ही किसी बात को भूल जाएं, लेकिन कोई उधारी लेकर अदा न करे और पंचायत का पैसा दबा ले तो उसे माफ नहीं करते, यानी अब गांववालों के सामने हिसाब बराबर करने का मौका आ गया है।



जिया कुरैशी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# अनुकंपा नियुक्ति के खाली पद हजारों, लंबित मामले 790

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार जहां एक तरफ अलग-अलग विभागों में तेजी से नई भर्तियां कर रही है और वहीं दूसरी ओर अनुकंपा नियुक्तियों को लेकर सरकार का रुख अत्यंत संवेदनशील है। इसके बाद भी सरकारी विभाग में अनुकंपा नियुक्तियों के मामले में निर्देश के मुताबिक काम नहीं किया जा रहा है। हाल ही में ही सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों में अनुकंपा नियुक्तियों के रिक्त और लंबित प्रकरणों का ब्योरा जारी किया है। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश एक बार फिर जारी किए हैं। अनुकंपा नियुक्तियों के मामलों में सबसे खास बात ये है कि किसी भी शासकीय सेवक की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर उनके वैध परिजनों को नियुक्ति देने का प्रावधान है। ऐसी नियुक्तियां तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सबसे अधिक आसानी से हो सकती है, लेकिन प्रदेश में हालत ये है कि राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर तृतीय श्रेणी के लंबित प्रकरणों की संख्या 550 और चतुर्थ श्रेणी के लिए लंबित प्रकरणों की संख्या 240 है। इनमें भी गौर करने वाली बात ये है कि रायपुर जिले में तृतीय श्रेणी के लंबित प्रकरणों की संख्या 57 और चतुर्थ श्रेणी के लंबित प्रकरणों की संख्या 68 है। इसी तरह बिलासपुर में तृतीय श्रेणी के 65 और चतुर्थ के 7 प्रकरण, रायगढ़ में तृतीय श्रेणी के 62 और चतुर्थ के 8 प्रकरण लंबित है। इसी तरह जशपुर,बीजापुर, बालोद, कांकेर, सूरजपुर, बलौदाबाजार भाटापारा, सहित अन्य जिलों में दोनो श्रेणी के मामले लंबित है।

## तृतीय श्रेणी में 25 प्रतिशत पदों की भर्ती का है आदेश

### रिक्त पद भी हैं हजारों में



सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के पदों पर लंबित और खाली पदों की संख्या कितनी है। इस जानकारी के मुताबित गृह(सामान्य) विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए कुल स्वीकृत पदों की संख्या 5 हजार 347 है। भरे हुए पद 2160 है। खाली यानी खाली पदों की संख्या 3 हजार 188 है। इसी विभाग से संबंधित स्टेट गैरेज में तीन अलग प्रकरण लंबित है। इनके अलावा जिन विभागों में अभी भी पद खाली है उनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में रिक्त पद 60, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 54, ग्रामोद्योग विभाग में 34, उच्च शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की संख्या 99 है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभा में 402, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग में 50 पद रिक्त हैं।

### दी जा सकती है नियुक्ति

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को बताया है कि तृतीय श्रेणी के अनुकंपा पदों के लिए शासन द्वारा निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। यह आदेश वर्ष 2015 से लागू है, लेकिन विभाग केवल 10 प्रतिशत भर्तियां ही करते रहे। प्रावधान ये भी है कि अगर तृतीय श्रेणी के पद उपलब्ध न हों तो चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति दी जा सकती है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ले चुके हैं एक बार ऑनलाइन क्लास

# सदस्यता लक्ष्य पूरा न करने वाले सांसद विधायकों से संगठन खफा, मांगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। साथ ही दो दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी जहां 10 सांसद लक्ष्य से कौसों दूर हैं, वहीं डेढ़ दर्जन से ज्यादा विधायक भी लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। सदस्य बनाने के मामले में राजधानी के दिग्गज विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा और मोतीलाल साहू के साथ ही दिग्गज नेता और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी पिछड़ गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं। वहीं एक बार लक्ष्य पूरा न करने वालों की एक बार क्लास भी ले चुके हैं। इसके बाद कुछ विधायकों ने लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। राष्ट्रीय संगठन ने अब तक लक्ष्य पूरा न करने वालों की सूची मांगी है। इसमें प्रदेश संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। इस समय उनके खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं।



### राज्यमंत्री तोखन भी लक्ष्य के पार

*प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचे, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है, लेकिन बाकी सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचे हैं। महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी औत चिंतामणि महाराज लक्ष्य के करीब पहुंचने वाले हैं।*

### लक्ष्यभेदी विधायक

*प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर रहे हैं। सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 35 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ भावना बोहरा के खाते में 20 हजार से ज्यादा सदस्य है। अन्य विधायकों में रोहित साहू नीलकंठ टेकाम, गजेंद्र यादव, इंद्र कुमार साहू, शकुंतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, राजेश अग्रवाल, ललित चंद्राकर, आशाराम नेताम, अमर अग्रवाल, उद्देश्वरी पैकरा, दीपेश साहू, संपत अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, किरण देव सिंह ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।*

# बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर आज अभनपुर में कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेस ने रविवार को जिलों में धरना का आयोजन किया था। प्रदेश के कई जिलों में इसका आयोजन हुआ, लेकिन शहर में रायपुर दक्षिण उप चुनाव के कारण धरना प्रदर्शन नहीं हो पाया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि सोमवार को अभनपुर में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस संगठन को भी इसकी सूचना दे दी गई है। बलरामपुर की घटना और प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर पूरे प्रदेश के जिला कांग्रेस कमेटी को धरना प्रदर्शन करनके के निर्देश दिए गए थे। कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होने का आरोप लगाते हुए कहा, दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में 7 हत्यायें हुई हैं। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में 4 हत्यायें हुई हैं। देश का सबसे बड़ा त्योहार हो तब यह उम्मीद की जाती है, सरकार और पुलिस कानन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। उस समय चार दिनों में 11 हत्यायें होना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। राज्य की स्थिति बिहार, यूपी से भी ज्यादा डरावनी हो गयी है।

- शहर जिला ने उपचुनाव के कारण नहीं किया आयोजन

### धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं। दामाखेड़ा जो कबीर पंथ का दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है, दामाखेड़ा आश्रम के बाहरी इलाके में 50-60 लोग पहुंचे और आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। आश्रम के उदित मुनि साहब को टारगेट कर हमला किया गया। अब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# जो थे टिकट के दावेदार, बन गए कांग्रेस के स्टार प्रचारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश के बड़े नेताओं के नाम सूची में हैं। इनमें विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे नेताओं को भी शहर में स्टार प्रचारक के रूप में शामिल किया गया है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रभारी सचिव सहित भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज को भी शामिल किया गया है। दक्षिण विधानसभा सीट के दावेदार रहे लोगों को इसमें शामिल कर संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। इन दावेदारों में प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, ज्ञानेश शर्मा और एजाज ढेबर को भी सूची में शामिल किया गया है। निर्वाचन आयोग को एआईसीसी के द्वारा सौंपी गई 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गई है। अब चुनाव प्रचार को एक सप्ताह शेष रह गया है, बड़े नेता वार्ड स्तर पर सोमवार से चुनाव प्रचार में उतरेंगे। तीनों प्रदेश प्रभारियों को भी वार्ड के चुनाव प्रचार पर नजर रखने कहा गया है। दक्षिण विधानसभा के 19 वार्डों में अधिकांश में कांग्रेस के पार्षद हैं। यहां पर जातिगत समीकरण के हिसाब से जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां पर ब्राह्मणों की संख्या जिन वार्डों में ज्यादा है, वहां पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। अन्य सामाजिक संगठनों को भी कांग्रेस साधने की कोशिश में है। स्टार प्रचारकों में राज्य सभा सांसद रंजीत रंजन, फूलोदेवी नेताम और सांसद ज्योत्सना महंत को भी शामिल किया गया है।

- दक्षिण के उप चुनाव में वार्डों में उतरेंगे कांग्रेस के बड़े नेता



### बूथ और वार्ड स्तर पर दिखेगी सक्रियता

कांग्रेस पदाधिकारी ब्लॉक और वार्ड में स्थानीय वोटरों को चिन्हित कर सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करेंगे। बूथ में मतदाता चिन्हित कर घर-घर जाकर अपील की जाएगी। सभी वार्डों में कम से कम हर घर में तीन बार जाना है। वरिष्ठ नेताओं की नुक्कड़ सभा कराई जाएगी। सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, डॉ. शिव डहरिया, मोहम्मद अकबर, रविंद्र चौबे सहित अन्य नेता वार्ड स्तर पर प्रचार के लिए उतरेंगे।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कल, मॉकपोल कर होगी जांच


## प्रत्याशियों से अपील ईवीएम कमीशनिंग प्रक्रिया का अवलोकन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य मंगलवार प्रातः 10 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर द्वारा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को दी गई है।

मशीनों के कमीशनिंग का कार्य सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंचेंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा।

- निर्माता कंपनी के इंजीनियर देंगे प्रेजेंटेशन



### प्रत्याशी अवलोकन के लिए उपस्थित हों- कंगाले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा चुनाव रायपुर नगर दक्षिण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन के लिए नियत तिथि व समय पर उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हों।

### बुर्जुग और दिव्यांग मतदाता इस दिन करेंगे मतदान

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांग 5 एवं 6 नवंबर को मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा, उप निर्वाचन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाएं। कोई भी मतदाता अपने मतदान के पूर्व पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

## महाराष्ट्र में भी प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा नेताओं को जिम्मा

# तोखन, ओपी, केदार, विजय, चंदेल ने झारखंड में संभाला चुनावी मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में इस माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल के साथ प्रदेश के कई नेताओं ने झारखंड में दीपावली के बाद एक बार फिर से मोर्चा संभाला लिया है। ये सारे नेता शनिवार और रविवार को प्रदेश से रवाना होकर झारखंड में अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्र में पहुंच गए हैं। प्रदेश के दो दर्जन नेताओं को महाराष्ट्र का जिम्मा दिया गया है। झारखंड में इस माह 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होना है। इसी के साथ महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक ही चरण में चुनाव होगा। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है। महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिन्हा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व विधायक रंजना साहू नांदेड़ दक्षिण, आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ उत्तर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है। इनमें से ज्यादातर नेता दीपावली के बाद महाराष्ट्र जाकर वहां पर चुनावी कार्य देख रहे हैं।



### झारखंड में इनको जिम्मा

झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। ये सभी नेता दीपावली मनाने के बाद शनिवार और रविवार को झारखंड पहुंच गए। वहां पर रविवार को जहां केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा हुई है। वहीं अब सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सभा है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। इसी के साथ और कई नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है। इस समय ज्यादातर नेता अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में हैं।

11

दीपावली पर दो दिन में शहर से निकला ...

सिटी इवेंट

## मराठी गजल से सराबोर हुए संगीत प्रेमी भाव गीतों से दिवाली पहाट बनी यादगार



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में दीपावली पहाट पर एक से बढ़कर एक भक्ति व भाव गीतों की यादगार प्रस्तुतियां हुईं। इसे सुनने के लिए सुबह 6:30 बजे स्नान-ध्यान करके बड़ी संख्या में संगीत रसिक पहुंचे। चंद्रशेखर सुरावधनीवार की गणपति वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम ने दो घंटे तक संगीत प्रेमियों को भक्ति रस में सराबोर रखा। दीप गुंडेगांवकर ने 'सुखाचे जे सुख', सोमेंद्र फड़के ने 'अबीर गुलाल' चैतन्य जोगलेकर ने 'हे सुरा नो' जैसे भाव गीतों से नई ऊंचाई प्रदान की।

### मराठी गजल ने मोहा मन

मराठी फिल्म 'कटार हृदय में घुस गई' के मराठी गजल के हिंदी वर्जन 'दिल की तपिश.....' को दो संगीत गुरु चैतन्य जोगलेकर व सोमेंद्र फड़के ने अभूतपूर्व ढंग से गाकर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। वैशाली जोशी ने 'केंव्हा तरी पहाटे' गाकर श्रद्धालु दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। अंतिम प्रस्तुति लोकप्रिय भैरवी 'चिन्मय सकाळ' पर चिन्मय व सोमेंद्र की जुगलबंदी को मंचस्थ सभी गायकों का जोशीला साथ मिला। गैर मराठी भाषी सुमीता खरे रायजादा ने मंच का खूबसूरती से संचालन किया। तबले पर अशोक कुर्म और सिंथेसाइजर पर सत्यनारायण मुद्लीयार के साथ ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। आयोजन के मुख्य अतिथि सीएस पिल्लीवार और विशेष अतिथि बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रभारी सुबोध टोले रहे।

राजधानी के महादेव घाट सहित प्रमुख तालाबों में तैयारी का दौर तेज

# छठ पूजन के लिए सज रहे घाट में लोग लगा रहे 'छेका' कल से नहाए-खाए संग 72 घंटों के व्रत की शुरूआत

उत्तर भारतीय परिवारों के आस्था का महापर्व मंगलवार से शुरू होने वाला है। इसके पहले महादेव घाट, आमापारा, व्यास तालाब सहित प्रमुख छठ पूजा घाट सजने लगे हैं। इसके लिए उत्सव का आयोजन करने वाली समितियों ने सरोवरों की सफाई के बाद पूजा घाट में छेका लगाना शुरू किया है। महापर्व में उपयोग की जाने वाली पूजा सामग्री की खरीदी के लिए व्रतधारी महिलाएं बाजार भी पहुंच रही हैं। इससे दीपोत्सव के बाद बाजार में पसरे सन्नाटे के बाद फिर रौनक बढ़ रही है।

### सूपा, टोकनी, दीए की रही मांग

छठ मैया की पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री के लिए गोलबाजार, शास्त्री मार्केट, संतोषी नगर, बीरगांव में सजाया गया बाजार भी दिनभर गुलजार रहा। यहां सूपा, टोकनी, दीए के साथ कोसी, सुपाड़ी, सिंदूर की मांग व्रत नियम करने वाले परिवार के लोग करते हुए खरीदी करते नजर आए। गोलबाजार में छठ पूजा में उपयोग होने वाले सभी सामानों की पैकिंग के लिए आर्डर ले रहे हैं। पूजा सामग्री को दुकानदारों ने 600 से 800 में तैयार करके देने की जानकारी दी। वहीं ज्यादातर लोग जरूरत के लिहाज से ही इसे खरीद रहे हैं।

### मंगलवार से शुरू होंगे व्रत नियम

भोजपुरी समाज के राकेश कुमार सिंह और रमेश शर्मा ने बताया कि इस बार छठ पूजा व्रत नियम का पालन 5 नवंबर यानी मंगलवार से शुरू होगा। इस दिन नहाए-खाए के तहत व्रत नियम शुरू हो जाएगा। इस व्रत से जुड़े परिवारों द्वारा पूजा में प्रयोग होने वाली सामग्री की स्वच्छता व पवित्रता का भी ध्यान रखना होता है। बुधवार को खरना का नियम किया जाएगा। इसके बाद सात नवंबर को व्रत से जुड़े परिवार के लोग पूजा घाट में डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचेंगे। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतधारी पारणा करेंगे।



**रायपुर।** छठ पूजा के लिए शहर के प्रमुख तालाबों की सफाई के बाद पूजा घाट का रंग-रोगन करने के बाद आकर्षक लुक देने का दौर भी शुरू हो गया है। महादेव घाट के मंदिर वाले हिस्से को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। इसमें पूजा घाट की रंगाई भी करवाई गई है। इसके साथ ही होने वाले भक्तिमय प्रस्तुति के साथ ही आने वाले अतिथियों के लिए मंच को तैयार किया जा रहा है। कुछ इसी तरह की तैयारी हीरापुर, बीरगांव के व्यास तालाब में चौतरफा घाट को रंगीन लाइट से सजाने का



सिलसिला जारी है। सात नवंबर को डूबते सूर्य को दिए जाने वाले अर्घ्य के बाद रातभर होने वाले भजन-कीर्तन के लिए मंच को सजाने का क्रम भी जारी है। छठवा तालाब भनपुरी, सरजूबांधा जैसे प्रमुख तालाबों की सफाई के बाद पूजा घाट को सजाने और व्रतधारी परिवार को सुविधा देने के लिए व्यवस्था बनाने भोजपुरी समाज की समितियों को जिम्मेदारी बांट दी गई है।



### शामिल होंगे कलाकार

*पूजा उत्सव में शामिल होने वाले परिवारों की सुविधा के लिए टोलियों को अलग-अलग काम दिए गए हैं। आतिशबाजी और सुरक्षा के लिए युवाओं के ग्रुप को सुरक्षा के साथ ही पूजा स्थल में व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। छठ मैया की पूजा के लिए व्रतधारियों के साथ उनके परिवार के लोग भी पूजा घाट पहुंचते हैं। इसे देखते हुए समितियों ने सहयोग देने के लिए रोशनी, पानी के साथ ही रातभर गीत-संगीत का आयोजन के लिए स्टेज सजाना भी शुरू किया है। इस बार प्रमुख पूजा घाट पर बड़े कलाकार आने वाले हैं।*

### बाजार में कोसी की पूछ-परख


पूजा सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के पास छठ मईंया की पूजा करने वालों में ज्यादातर लोग कोशी की पूछ-परख करते नजर आए। सुष्मा तिवारी ने बताया कि कई ऐसे लोग भी छठ मईंया से मन्नत मांगते हैं, जो उत्तर भारतीय परिवार से नहीं हैं। ऐसे लोग व्रतधारी परिवारों के साथ घाट पर कोसी सजाने के लिए बाजार से खरीदकर भी लेकर जाते हैं। इसका उपयोग ज्यादातर उपासक परिवार भी करते हैं। मार्केट में इस बार कोसी 150 से 400 रुपए प्रति नग बेचा गया। पिछले सीजन की तुलना में इस बार इसके रेट में 30 से 40 रुपए का अंतर आया है।

### तालाब में चौतरफा रोशनी

बीरगांव के व्यास तालाब से जुड़ी आयोजन समिति के राकेश सिन्हा ने बताया कि गंदगी से पटे रहने वाले व्यास तालाब का भोजपुरी समाज के लोगों ने निगम के सफाई कर्मियों के साथ मिलकर कायाकल्प किया है। इसके साथ ही बांस-बल्ली से सुरक्षा इंतजाम भी शुरू किया है। व्यास तालाब को चौतरफा रोशनी से सजाने का क्रम सोमवार से शुरू होगा। इसके साथ ही रात में होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के लिए स्थानिय, दूसरे राज्यों और शहरों की नामचीन हस्तियों से संपर्क भी साथ रहे हैं, अंतिम मुहर अभी समिति ने नहीं लगाई है।

लाइव इवेंट

## वैज्ञानिक साधना से ला सकते हैं जीवन में बदलाव, 7 से शिविर



रायपुर। शहरी परिवेश में भागदौड़ भरी जीवन शैली से बिगड़ती मानसिक व शारीरिक स्थिति को सुधारने में ध्यान साधना वर्तमान दौर में भी कारगर है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट रायपुर द्वारा संचालित धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केन्द्र सिंगारभाठा में 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों के लिए दस दिवसीय निशुल्क शिविर आयोजन सात नवंबर से शुरू किया जाएगा। इसके बारे में आचार्य आचार्य सीताराम साहू ने बताया कि नवनिर्मित केंद्र में साधक-साधिकाओं के लिए प्रसाधन युक्त एकल आवास एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ध्यान कक्ष है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि इस निशुल्क साधना शिविर में शामिल होने के लिए संस्था के वेबसाइट में पंजीयन करवाना अनिवार्य है।

### जीवन को सार्थक करना आसान

आचार्य ने बताया कि ध्यान साधना की वैज्ञानिक विधि विपश्यना के नियमित अभ्यास से कई तरह के विकारों से राहत मिलती है। इसके चलते छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश, नागपुर, ओड़िशा, आन्ध्रप्रदेश सहित कई राज्यों से साधक-साधिकाएं शामिल होते हैं। साधना के माध्यम से साधकों को सुखी जीवन जीने कि कला सिखाई जाती है। इसमें मशीनी दिनचर्या से विराम लेकर इस विद्या के अनुभव द्वारा जीवन को सार्थक करना आसान हो जाता है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की आयोजित करेगा इस बार गेट

## आईआईटी ने बढ़ाई सुधार तारीखें, अब 10 तक अर्जी, मॉक लिंक भी एक्टिव

**रायपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने गेट परीक्षा के लिए आवेदन सुधार विंडो की तारीख आगे बढ़ा दी है। इससे पहले आवेदन पत्र में सुधार करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर थी। ऐसे उम्मीदवारों के पास एक और मौका है, जिनके आवेदन पत्र में कोई त्रुटि रह गई है और वे सुधार नहीं कर पाए। पंजीकृत उम्मीदवार अपने आवेदन में कोई भी आवश्यक बदलाव करने के लिए वेबसाइट पर जा सकते हैं। आईआईटी रुड़की ने सुधार विंडो की समापन तिथि बढ़ाकर 10 नवंबर कर दी है। गेट परीक्षा 1, 2, 15 और 16 फरवरी को निर्धारित है।

### सीटेट 14 को, जहां उम्मीदवार ज्यादा वहां दो दिन परीक्षाएं

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्द ही केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की उम्मीद है। एडमिट कार्ड जारी होने के बाद उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड की नवीनतम अधिसूचना के अनुसार, कुछ राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 15 दिसंबर को प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित होने वाली हैं, जिसके कारण परीक्षा को 14 दिसंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है। हालांकि, यदि किसी शहर में उम्मीदवारों की संख्या अधिक है, तो परीक्षा 15 दिसंबर को भी आयोजित की जा सकती है। नोटिस में इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है। गौरतलब है कि केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 14 दिसंबर देशभर के 136 शहरों में आयोजित की जाएगी। सीटेट में दो पेपर होंगे। पेपर-1 कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों के लिए होगा, जबकि पेपर-2 कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षकों के लिए होगा। जो लोग दोनों स्तरों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें दोनों पेपर देने होंगे। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### मार्च में आएंगे परिणाम

*परीक्षा प्राधिकरण ने फरवरी 2025 की सीबीटी परीक्षा की तैयारी में उम्मीदवारों की सहायता के लिए गेट 2025 मॉक टेस्ट लिंक भी जारी किए हैं। मॉक टेस्ट लिंक 38 विषयों के लिए सक्रिय किया गया है। आधिकारिक शेड्यूल के अनुसार, उम्मीदवार गेट 2025 सुधार सुविधा के माध्यम से श्रेणी, पेपर, परीक्षा शहर में बदलाव कर सकेंगे। इसके अलावा एक अतिरिक्त टेस्ट पेपर जोड़ सकेंगे या व्यक्तिगत विवरण अपडेट कर सकेंगे। एडमिट कार्ड 2 जनवरी को जारी किया जाएगा और परिणाम 19 मार्च, 2025 को घोषित किए जाएंगे।*

## अग्निवीर भर्ती के एडमिट कार्ड जारी, 33 जिलों से लेंगे हिस्सा

**रायपुर।** 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सेना भर्ती कार्यालय द्वारा प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन का आयोजन किया जाएगा। इसके पहले सेना द्वारा 22 अप्रैल से 3 मई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड करने के



साथ ही उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम स्थित सेना भर्ती कार्यालय अथवा टेलीफोन नंबर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

आराधना

## 3 मुमुक्षु रायपुर में इस माह लेंगे दीक्षा, इनमें राजस्थान से भी

**रायपुर।** चातुर्मास के अवसर पर पर राजस्थान के पाली में रहने वाली मुमुक्षु निकिता कटारिया दीक्षा लेकर संयम जीवन अपनाने जा रही हैं। दादाबाड़ी में सोमवार सुबह 8.15 बजे विनय कुशल मुनि तथा परिजन समेत श्रीसंघ के समक्ष उनकी दीक्षा का मुहूर्त निकाला जाएगा। सोमवार से क्रोध-लोभ, मान और माया पर विराग मुनि की विशेष प्रवचन श्रृंखला शुरू होगी। पहले दिन वे क्रोध पर प्रवचन करेंगे। आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़, कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि वे अभय कटारिया की पुत्री हैं। इसी महीने दादाबाड़ी में 2 अन्य मुमुक्षुओं अरिहंत बुरड़ और नीलेश मेहता की दीक्षा संपन्न होनी है। लाभार्थी मुकेश, राकेश, राजेश बुरड़ परिवार की ओर से इसके लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।



मुमुक्षु निकिता कटारिया

### आज निकाला जाएगा मुहूर्त

उपधान तप के अंतर्गत दादाबाड़ी में जारी विशेष प्रवचन श्रृंखला में रविवार तक प्रभु महावीर स्वामी की अंतिम देशना, निर्वाण और गौतम स्वामी का विरह विलाप सरल शब्दों में समझाया गया। इन प्रसंगों के जरिए विराग मुनि ने धर्मसभा को राग तोड़कर वीतराग बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, पुण्य फलेगा तो भौतिक सुख-सुविधाओं का मजा उठाएंगे। पाप उभरेगा, तो नाना प्रकार के कष्ट पाएंगे। यह सामान्य जीवन हर व्यक्ति जी रहा है। उन्होंने कहा, धर्म-ध्यान से परमात्मा की आराधना और जप-तप से आत्मसाधना केवल मानव जीवन में ही संभव है। यही वजह है कि 84 लाख जीव योनियों में मानव जीवन को दुर्लभ माना गया है।

भाईदूज संग मनाया गया मातर, सौभाग्य-शोभन योग में बहनों ने भाई को लगाया तिलक

कार्नर न्यूज

## गढ़वा बाजा की धुन पर गाए कबीर व रहीम के दोहे बांधी गई गले में सोहाई, गाय को लगाया खिचड़ी का भोग

**रायपुर।** हर साल की तरह जहां भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भाईदूज मनाया जा रहा था, वहीं शहर के अलग-अलग क्षेत्र में यदुवंशियों द्वारा मातर पूजा स्थल पर खुड़हर देव की स्थापना के साथ उत्सव शुरू किया गया था। यादव मोहल्ला टिकरापारा में झेरिया यादव समाज के अध्यक्ष दुर्गेश यादव और संरक्षक माधव यादव की अगुवाई में मातर पूजा की परंपरा धूमधाम से मनाई गई। सुबह मातर स्थल पर देव पूजा के बाद शाम को मड़ई देव को पूजा स्थल पर लाया गया। दिनभर औंटाए गए दूध से तैयार प्रसाद का वितरण हर साल की तरह समाज के लोगों द्वारा किया गया। पूजा स्थल पर नाउत नाचा दल की प्रस्तुति से दिनभर उत्सव का माहौल देखने को मिला।







पूजा के बाद गायों को अच्छे से सजाया गया और उनके गले में सोहाई बांधी जाती है। साथ ही गौ माता को खिचड़ी व धान खिलाई गई। समाज के लोगों को खिचड़ी और कुम्हड़े की सब्जी परोसी गई। राउत बंधू खास परिधान में सजे नजर आए। रंग-बिरंगे परिधानों संग साफा बांधा और इसे मोरपंख से सजाया। गढ़वा बाजा की धुन पर गाए गए कबीर और रहीम के दोहे ने उत्सव का माहौल बना दिया।



### लाठी के करतब

मातर तिहार का सबसे दिलचस्प हिस्सा है लाठियों के करतब रहे। राउत तेंदू की लाठियों से शौर्य का प्रदर्शन करते नजर आए। इसे 'अंखरा विद्या' कहा जाता है। तलवारबाजी और आग से जुड़े करतब भी दिखाए गए, जिसमें युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल हुए। शहर में जहां राउत नाचा का दौर चला वहीं समीपस्थ गांवों में मड़ई मेला भी लगाया गया।

### लंबी उम्र और समृद्धि के लिए कामना



दीपोत्सव की धूम इस बार भी भाई दूज तक रही। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि यानी रविवार को बहनों ने सौभाग्य और शोभन योग में अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और समृद्धि के लिए कामना की। वहीं इसके लिए तैयारियों का क्रम भी खास रहा। इसके लिए जहां बहनों ने भाई की अगुवाई और उन्हें व्यंजन परोसने के लिए पहले से तैयारी की। वहीं बहनों को उपहार देने के लिए भाइयों ने भी खास इंतजाम किया, क्योंकि बहनों को इस अवसर पर उपहार भेंट करने का प्रावधान शास्त्रों में भी किया गया है। भाई-बहन में स्नेह से जुड़े इस पर्व के चलते परिवारों में खुशनुमा माहौल रहा। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि शास्त्रों में प्रसंग है कि यमुना अपने भाई यमराज के घर आने का वर्षों तक इंतजार करतीं रहीं। जिस दिन यमराज ने अपनी बहन यमुना से मिलने का वचन दिया था, वह तिथि धार्मिक मान्यता के तहत खास महत्व रखती है। द्वितीया तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने पहुंचे। भाई यमराज को घर आया देखकर यमुना प्रसन्न हुई। यमुना ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। तभी से यह परंपरा अभी तक चली आ रही है। आज भी बहनें भाई-दूज पर भाई की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# फिर दर्शकों से होगी रूबरू जॉनसन की जंगली दुनिया 'जुमांजी 3'



हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन उर्फ द रॉक की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जुमांजी 3' की रिलीज को लेकर एक अहम जानकारी आई है, कि यह फिल्म कब और कहां रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज की तारीख को लेकर प्रशंसकों का उत्साह फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गया है। हॉलीवुड फिल्म 'जुमांजी 3' की रिलीज डेट सामने आ चुकी हैं, जिसने फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा दिया है। फिल्म में फिर से एक बार ड्वेन जॉनसन अपनी कॉमेडी और धमाकेदार एक्शन से लोगों का दिल जीतने आ रहे हैं। जानिए कब होगी फिल्म रिलीज। फिल्म में ड्वेन जॉनसन, करेन गिलन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक जैसे सितारे वापसी करेंगे, जो एक और रोमांचक रोमांच का वादा करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जुमांजी 3 में ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट, जैक ब्लैक और करेन गिलन एक साथ धमाल मचाते नजर आएंगे। यह फिल्म जुमांजी की तीसरी किस्त होगी। इस फ्रैंचाइजी में ड्वेन ₹द रॉक₹ जॉनसन, कैरेन गिलन, केविन हार्ट और जैक ब्लैक अपनी भूमिकाओं को फिर से दोहराते नजर आ सकते हैं। निर्देशक जेक कासडन, जिन्होंने पहले 2017 में ₹जुमांजीः वेलकम टू द जंगल₹ और 2019 में ₹जुमांजीः द नेक्स्ट लेवल₹ का निर्देशन किया था। वहीं इस बार भी फिल्म का निर्देशन करेंगे। इस बार फिल्म में कई चुनौतियां और रोमांचकारी कारनामों से भरे कई खतरनाक स्टंट दिखाए जाएंगे।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जुमांजी के जंगली रोमांच पर लौटने के लिए तैयार हो जाइए। क्योंकि जुमांजी 3 अब 11 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कोलंबिया पिक्चर्स की यह बहुप्रतीक्षित फिल्म आईमैक्स और बाकी PLF स्क्रीन पर उपलब्ध होगी, जो दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव का वादा करती है। इस फिल्म का निर्देशक जेक कसदन ने किया है। फिल्म में एक बार फिर से ड्वेन जॉनसन नजर आएंगे। निर्माता हीराम गार्सिया ने 2021 में इसकी तीसरी किस्त के निर्माण के संकेत दिए थे और इस प्रोजेक्ट के बारे में उत्साह व्यक्त किया था।

## टॉलीवुड

# 'टॉक्सिक' में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे यश, कहानी और शूटिंग पर भी आया अपडेट



साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म में अभिनेता यश के किरदार से जुड़ी है। यह अब तक एक रहस्य है कि फिल्म में आखिरकार यश कैसा किरदार निभाने वाले हैं। वहीं, अब इसे लेकर कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं। साउथ सुपरस्टार यश की अखिल भारतीय एक्शन ड्रामा फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' भारत में सबसे अधिक प्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक है। भले ही फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू हो गई थी, लेकिन अप्रत्याशित कानूनी मुद्दों ने अचानक झटका दिया और लंबे समय तक उत्पादन औपचारिकताओं को रोक दिया। इस बीच, टॉक्सिक में यश की भूमिका के बारे में नई चर्चा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जाहिर है, इस बिग बजट वाली मनोरंजक फिल्म में अभिनेता एक वकील की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, इस अटकल फैंस को स्पष्टता तब मिलेगी, जब अगले साल की शुरुआत में फिल्म के प्रोमो सामने आएंगे। इस बारे में आधिकारिक एलान बाकी है। इससे पहले खबर आई थी कि सुपरस्टार यश और उनकी सह-कलाकार नयनतारा दिवाली के बाद अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के लिए सेट पर लौटेंगे। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित फिल्म का अगला शेड्यूल 6 नवंबर से मुंबई में शुरू होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस शेड्यूल के लिए फिल्म सिटी मुख्य स्थान होगा और मड आइलैंड में एक और सेट बनाया जाएगा। 'टॉक्सिक' की प्रोडक्शन टीम फिल्म सिटी में एक विशाल सेट का निर्माण कर रही है, जो 1970 के दशक को दर्शाएगा। यश और नयनतारा के अलावा कियारा आडवाणी और अक्षय ओबेरॉय भी टॉक्सिक के अगले शूटिंग शेड्यूल में शामिल होंगे। कथित तौर पर आडवाणी को फिल्म में यश की प्रेमिका के रूप में लिया गया है। यह फिल्म एक अखिल भारतीय एक्शन फिल्म है जो 1950 से 1970 के दशक तक की यात्रा दिखाती है।

## भोजपुरी

# आया खेसारी का छठ गीत, फैंस बोले- 'अब छठ पूजा पर यही गाना' बजेगा'



दिवाली के बाद अब छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महापर्व कहे जाने वाले इस पर्व में सूर्य देव की पूजा-आराधना की जाती है। पर्व से पहले भोजपुरी एक्टर खेसारी ने छठ गीत रिलीज किया है। खेसारी के इस गाने का नाम है 'बिहारी पिया'। यह गाना ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने गाया है। कोमल सिंह पर यह फिल्माया गया है। इस गाने के बोल विशाल भारती ने लिखे हैं। रिलीज के चंद घंटों के अंदर ही इस गाने को ढाई लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने को बड़ी खूबसूरती से फिल्माया गया है। इसमें छठ पूजा की तैयारियों से लेकर पर्व की रौनक तक सबकुछ बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। गाना रिलीज होने पर यूजर्स इस पर दिलचस्प प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यूजर कह रहे हैं, 'इस बार छठ पर एकतरफा यही गाना बजेगा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'छठ तक इस गाने के 100 मिलियन व्यूज हो जाने चाहिए'। इस गाने के रिलीज की जानकारी खेसारी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी है। इसके अलावा उन्होंने इंस्टाग्राम पर दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए भी एक पोस्ट साझा किया है। एक्टर ने लिखा है, 'रउआ सभे के दीपावली मंगलमय आ सुखमय होखो। शुभ दीपावली'!

खेसारी ने छठ पर्व के लिए एडवांस तोहफा दे दिया है। इसके अलावा वे एक और उपहार लेकर छठ पर हाजिर हो रहे हैं और वह है उनकी फिल्म 'राजाराम'। खेसारी की 'राजाराम' दिवाली के अवसर पर रिलीज होगी। इसका ट्रेलर काफी धमाकेदार है। गाने भी ट्रेंड कर रहे हैं।

## फैशन स्टाइल



एक तीर से दो शिकार

सभी फैशन शो कपड़ों के ट्रेंड को पेश करने के लिए नहीं होते हैं। बल्कि कुछ शो गहनों और एक्सेसरीज़ जैसे बैग, बेल्ट, क्लच वगैरह की नई स्टाइल पर प्रकाश डालने भी रखे जाते हैं। यह एक तीर से दो शिकार करने जैसा है। ऐसे शो के दौरान दोनों क्षेत्रों में नए ट्रेंड का पता लगाया जा सकता है। मौजूदा पीढ़ी के बीच पुराने गहनों के स्टाइल को पसंद करने का चलन बढ़ा है। इसलिए ऐसे शो अब ज्यादा चलन में है। यहां तस्वीर लंदन फैशन वीक की।

# झटपट सुलझ जाएंगे उलझे-उलझे बाल कुछ ऐसे बनाएं हर्बल हेयर डिटैंगलर


अगर आपके बाल अक्सर उलझे रहते हैं और आप उसे बेहद आसानी से सुलझाना चाहती हैं तो ऐसे में आप हर्बल हेयर डिटैंगलर बनाकर तैयार कर सकती हैं। सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद घर पर ही हर्बल हेयर डिटैंगलर बनकर तैयार करें।

### ग्रीन टी और पुदीने से बनाएं हेयर डिटैंगलर

अगर आपकी सेंसेटिव स्कैल्प है तो आप ग्रीन टी, पुदीने और ग्लिसरीन की मदद से हेयर डिटैंगलर बनाकर तैयार कर सकती हैं। जहां, ग्रीन टी बालों को मज़बूत बनाती है, वहीं पुदीने का तेल स्कैल्प को एक फ्रेशनेस का अहसास करवाता है।

### एलोवेरा और लैवेंडर से बनाएं हेयर डिटैंगलर

एलोवेरा और लैवेंडर की मदद से भी हेयर डिटैंगलर बनाया जा सकता है। एलोवेरा बालों को हाइड्रेट करता है, जिससे उन्हें सुलझाना काफी आसान हो जाता है। वहीं, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल बालों को एक प्यारी खुशबू देता है। हेयर डिटैंगलर बनाने के लिए सबसे पहले एलोवेरा जेल में पानी डालकर मिक्स करें। अब आप इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें। तैयार मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर अच्छी तरह हिलाएं। अब आप इससे बालों पर स्प्रे करें और फिर बालों को सुलझाएं।



### एप्पल साइडर विनेगर और रोज़मेरी से बनाएं हेयर डिटैंगलर

एप्पल साइडर विनेगर स्कैल्प के पीएच को बैलेंस करने के साथ-साथ बालों के क्यूटिकल को चिकना करता है, जिससे उन्हें सुलझाना आसान हो जाता है। वहीं, रोजमेरी बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के साथ-साथ एक अच्छी सी खुशबू देती है। हेयर डिटैंगलर बनाने के लिए सबसे पहले एप्पल साइडर विनेगर और पानी को मिक्स करें। अब इसमें रोजमेरी एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें।

# छठ पूजा में तैयार होने इन भोजपुरी अभिनेत्रियों के लुक से लें टिप्स



फैशन

यदि आप छठ पूजा के दिन पारंपरिक अंदाज में तैयार होना चाहती हैं तो कुछ भोजपुरी अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर तैयार हों। 5 नवंबर से छठ पूजा के महापर्व की शुरुआत होगी। ये पूजा दिवाली के 6 दिन बाद होती है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग छठ पूजा का इंतजार सालभर करते हैं। कई जगहों पर तो इसे दिवाली से भी बड़ा त्योहार माना जाता है।



एक समय था जब यह सिर्फ बिहार में इस पूजा का आयोजन होता था लेकिन अब कई राज्यों और विदेशों तक में छठ पूजा मनाई जाती है। कार्तिक मास में आने वाली छठ पूजा का व्रत संतान की सुख शांति और लंबी उम्र के लिए किया जाता है।

इस दिन छठी मैया और भगवान सूर्य की आराधना होती है। इस दिन महिलाएं खूब अच्छे से सजती और संवरती भी हैं। यदि आप छठ पूजा के दिन अपना सादगी भरा और खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं तो भोजपुरी की कुछ अभिनेत्री से टिप्स लें।

### मोनालिसा का पहला लुक

यदि आप पीले रंग की साड़ी कैरी करने का सोच रही हैं तो मोनालिसा के इस लुक से टिप्स लें। पीले रंग की साड़ी के साथ लाल रंग का ब्लाउज खूबसूरत लगेगा। इसके साथ गोल्ड की ज्वेलरी ही पहनें। उससे आपका लुक अच्छा लगेगा।

### मोनालिसा का दूसरा लुक

लाल रंग पूजा में पहनने के लिए काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में यदि आप लाल रंग की साड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो लाल सूट का चयन करें। लाल रंग का प्लाजो सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा।

### अक्षरा सिंह का पहला लुक

लाल रंग की बनारसी साड़ी हर त्योहार के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है। यदि आपके पास ऐसी साड़ी रखी है तो छठ पूजा के दौरान उसे निकाल लें। ऐसी साड़ी पहन रहीं हैं तो बालों में जूड़ा बनाएं और उसपर गजरा लगवाएं। ऐसी साड़ी के साथ भी गोल्ड की ज्वेलरी अच्छी लगेगी।

# एथनिक आउटफिट के साथ खूब जंचेगी ऐसी ज्वेलरी, ऐसे दिखेंगी स्टाइलिश

वैसे तो बाजार में हर तरह की ज्वेलरी आजकल मिल जाती है लेकिन फिर भी बहुत सी महिलाएं संशय में रहती हैं कि ट्रेंड के हिसाब से वो क्या खरीदें और क्या पहनें। ऐसे में आपको ट्रेंडी नेकपीस और अन्य ज्वेलरी के बारे में जरूर जानना चाहिए, ताकि आप उसे खरीद कर अपना स्टाइलिश लुक दिखा सकें।

**टेंपल ज्वेलरीः** आजकल महिलाओं को इस तरह की टेंपल ज्वेलरी काफी पसंद आ रही है। अगर आप सिर्फ एक ही इस तरह का हार पहनेंगी तो आपका लुक सबसे रॉयल दिखेगा। ऐसी ज्वेलरी सिल्क फैब्रिक की साड़ी के साथ कमाल का लगता है। इसके साथ ईयररिंग्स भी मैचिंग के ही पहनें।

**पारंपरिक गोल्ड ज्वेलरीः** यदि आपके पास सोने की ज्वेलरी इस तरह की है, तो पूजा के समय उसे ही पहनें। ऐसी गोल्ड ज्वेलरी हर आउटफिट के साथ अच्छी लगती है। खासतौर पर यदि अगर आप नई दुल्हन हैं, तब तो आप पर ऐसी ही ज्वेलरी अच्छी दिखेगी।

**झुमके और अंगूठीः** अगर मिनिमल ज्वेलरी पहनना पसंद है तो इस तरह के मैचिंग ईयररिंग्स पहनें। मैचिंग ईयररिंग के साथ हाथ में



कड़े और अंगूठी भी पहनें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे। इस ज्वेलरी के साथ आपको गले में कुछ पहनने की जरूर नहीं पड़ेगी।

**हैवी ईयररिंग्सः** आजकल इस तरह के ईयररिंग्स महिलाओं को काफी पसंद आते हैं। नग जड़े ऐसे ईयररिंग्स आपके सिंपल लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेंगे। इसके साथ भी आपको अपना मेकअप हल्का रखना है और गले में भी कुछ नहीं पहनना है।

**नेकपीसः** इस तरह का हल्का सा नेकपीस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसे नेकपीस के साथ कानों में हल्के झुमके ही पहनें। उससे आपका लुक एलीगेंट लगेगा। चाहें तो इसके साथ टॉप्स पहनें।

# चाहती हैं लंबे समय तक टिका रहे मेकअप तो त्वचा को करें तैयार

मौका त्यौहार का हो या शादियों का, महिलाएं इस दिन नए-नए कपड़े पहनकर अच्छी तरह से मेकअप करती हैं। पर, कई बार ऐसा होता है कि कुछ देर बाद मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में यदि आप अपना मेकअप खराब करना नहीं चाहतीं तो मेकअप से पहले से स्किन को तैयार करें।

### सबसे पहले चेहरा साफ करें

यदि आप चाहती हैं कि आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे तो सबसे पहले चेहरा अच्छे से साफ करें। चेहरे पर मौजूद तेल, धूल और अन्य गंदगी को हटाने के लिए माइल्ड क्लींजर का उपयोग करें।

### अब मॉइश्चराइजर लगाएं

चेहरा साफ करने के बाद त्वचा को हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। ऐसे में अपने स्किन टाइप के अनुसार मॉइश्चराइजर का चयन करें और उसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं। इससे मेकअप सही से सेट होगा।

### प्राइमर का इस्तेमाल करें



जब भी मेकअप लगाएं तो पहले प्राइमर जरूर लगाएं। इसे लगाने से त्वचा की सतह स्मूथ होती है, जिससे मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है।

### कंसीलर और फाउंडेशन सही तरीके से लगाएं

फाउंडेशन और कंसीलर का इस्तेमाल हल्के हाथों से करें। ब्लेंडिंग बहुत ही अच्छे से करें, ताकि मेकअप नेचुरल लगे और केकी न लगे। इसके लिए स्पॉन्ज या ब्रश का इस्तेमाल करें।

कार्नर न्यूज

## अमिताभ बच्चन ने 4 दशक पहले शुरू किया था यह फैशन ट्रेंड

# आपके पास लंबी शर्ट हो तो इसे पहनने के नए तरीके अपनाइए, निखरेगा लुक

*बॉलीवुड एक्टर्स के फैशन ट्रेंड आज से नहीं लंबे समय से हमें इंस्पायर करते आ रहे हैं। इसलिए, जब बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 70 के दशक में एक बार लंबी शर्ट (Long Shirt) को अलग तरीके से पहने दिखे, तो फैंस ने उस लुक को अपना लिया। उसके बाद शर्ट को नीचे से बांधकर पहनने का ट्रेंड चालू हो गया। यह लुक 45 साल पुराना है। मगर इस बात को बहुत कम लोग जानते हैं। अमिताभ ने इससे जुड़े राज अब खोल दिए हैं। आखिर उन्होंने क्यों इस तरह से शर्ट पहनी और फिर कैसे*



### 'नॉटेड शर्ट' लुक

जिस तरह फिल्म 'दीवार' में अमिताभ बच्चन ने लॉन्ग शर्ट को पहना था, इसी को 'नॉटेड शर्ट' लुक कह सकते हैं। इस फैशन ट्रेंड की कहानी काफी दिलचस्प है।

अमिताभ बच्चन ने 'दीवार' से अपने 'नॉटेड शर्ट' लुक का फोटो शेयर कर लिखा है कि वे भी क्या दिन हुआ करते थे.... और गांठ वाली शर्ट। इसकी अपनी कहानी है। शूट का पहला दिन था। शॉट रेडी, कैमरा रोल होने के लिए तैयार था और तभी पता चला कि शर्ट काफी लंबी है, घुटनों के नीचे तक। दूसरी शर्ट या एक्टर को रिप्लेस करने का इंतजार निर्देशक नहीं कर सकते थे, इसलिए गांठ बांध कर शर्ट पहननी पड़ी थी। अगर आप ओल्ड फैशन को फिर से फॉलो करना चाहते हैं तो लॉन्ग शर्ट को इस तरह से पहनें। 'नॉटेड शर्ट' लुक दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाते वक्त अपनाएं। इसके अलावा, अपनी पसंद के अनुसार भी इस तरह से शर्ट को पहन सकते हैं।

### लंबे शर्ट की लेयरिंग

कैजुअल लुक के लिए लंबे शर्ट की लेयरिंग सही हो सकती है। अगर आप लंबी शर्ट को पहनकर फैशनेबल दिखना चाहते हैं तो लेयरिंग करें। लंबे शर्ट की लेयरिंग करना सही होगा। हालांकि आज के दौर में लड़के इस तरह के लुक को अपनाते हैं। मगर कई बार हम देखते हैं कि कई लड़के शॉर्ट शर्ट के साथ लेयरिंग करते हैं। इस कारण उनका लुक उतना परफेक्ट नहीं दिखता है। इसलिए कभी भी टी-शर्ट के साथ शर्ट की लेयरिंग करने के लिए लंबाई का ध्यान रखें। मगर कभी भी लेयरिंग के लिए फॉर्मल शर्ट न चुनें।



## खबर संक्षेप




### राज्यपाल और मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या के प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कर उचित न्याय दिलाने के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संपूर्ण प्रकरण में न्यायसंगत कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महासचिव द्वय अजय अवस्थी, सुनील ओझा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण केंद्रीय समिति अध्यक्ष विनय तिवारी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, उपाध्यक्ष द्वय संजय अवस्थी, मिथिलेश रिछारिया, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पाठक, बृजेंद्र शुक्ला, राजू महराज एवं राजू दीवान आदि उपस्थित थे।

### जिलों में राज्योत्सव पर कल होंगे कार्यक्रम

**रायपुर।** राज्य सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि राज्योत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालयों पर मंगलवार 5 नवंबर को एक दिन का कार्यक्रम का आयोजित किया जाए। इसमें विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी और स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम होंगे। 1 से 6 नवंबर तक जिला मुख्यालयों के सभी सरकारी दफ्तरों में रोशनी की जाएगी। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसदों, विधायक, जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि शामिल होंगे।

## निधन

### सीता देवी अग्रवाल



**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी सीता देवी अग्रवाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 नवंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे आनंद कुमार, रितेश कुमार अग्रवाल की माता थीं।

### के. गजलक्ष्मी नायडू



**रायपुर।** फाफाडीह टांक कॉलोनी निवासी के. गजलक्ष्मी नायडू (86) का 3 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 नवंबर को सुबह 11.30 बजे देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. हरिनाथ वड़ाडी की बहन एवं डॉ. जय प्रकाश की बुआ थीं।

# अस्पताल के बाहर दिखेगी हरियाली, मरीजों के परिजन बिता सकेंगे सुकून के पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपने परिजन के इलाज के तनाव के बीच आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन सुकून के पल बिता सकेंगे। परिसर के सामने काफी सालों से उजाड़ पड़े गार्डन को फिर से हरा-भरा करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए अस्पताल का रखरखाव करने वाले पीडब्लूडी को प्रस्ताव बनाकर भेजने की तैयारी है।

काफी साल पहले अस्पताल के बाहरी हिस्से में खाली पड़े मैदान को हरा-भरा रखने के लिए पेड़-पौधे रोपे गए थे। कुछ समय बाद रखरखाव के अभाव में की गई मेहनत बेकार हो गई और लगाए गए पौधे सूख गये। इसके बाद से इस हिस्से की तरफ ध्यान ही नहीं दिया गया था। जल्दी ही अस्पताल के बाहर से गुजरने वालों को वहां पेड़-पौधे की हरियाली नजर आएगी।

आंबेडकर अस्पताल के प्रबंधन ने इस ओर ध्यान देना शुरू किया है और लोक निर्माण विभाग को इस बारे में प्रस्ताव बनाकर दिया है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में उजाड़ पड़े गार्डन जैसे हिस्से में पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इससे अस्पताल की सुंदरता बढ़ेगी, साथ ही वहां आने वाले मरीजों के परिजन अपना वक्त भी बिता सकेंगे। अभी मुख्य सड़क और अस्पताल की पार्किंग के बीच का हिस्सा साफ-सफाई के अभाव में खाली पड़ा है। वहीं मेडिकल कालेज की तरफ के हिस्से में झाड़ियां उग आई हैं।

## उजाड़ पड़ा आंबेडकर अस्पताल का गार्डन फिर होगा हरा-भरा

### पार्किंग की थी योजना

आंबेडकर अस्पताल के बाहर स्थित इस रिक्त जमीन पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की योजना थी। उस दौरान तर्क दिया गया था कि अस्पताल में बड़ी संख्या चिकित्सकीय स्टाफ के साथ मरीजों और उनके अटेंडरों के साथ एंबुलेंस आती है। वाहनों की संख्या के हिसाब से मौजूद स्थान कम है, जिसकी वजह से अव्यवस्था हो जाती है। पार्किंग की योजना पर विचार किया जा रहा था, मगर बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।



### अटेंडरों की सुविधाओं पर ध्यान

अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों के साथ अब उनके अटेंडरों की सुविधाओं की तरफ भी ध्यान देन शुरू कर दिया है। इसके तहत आईसीयू के बाहर गलियारे में पंखे लगाए गए हैं। दिनभर मरीजों की तीमारदारी में व्यस्तता के बाद परिजन यहीं अपना रात बिताते हैं। लगाए गए पंखों से उन्हें राहत होगी इसी तरह अन्य स्थानों पर भी उनकी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रस्ताव बना रहे

अस्पताल के सामने हिस्से में पेड़-पौधे लगाकर उसे साफ रखने की तैयारी की जा रही है। यहां अटेंडर भी अपना वक्त बिता सकेंगे। पीडब्लूडी को इसके लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

*- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

# दीपावली पर दो दिन में शहर से निकला 1400 मीट्रिक टन कचरा

**रामकी की 250 गाड़ियां और निगम के सफाई कर्मचारी सफाई में डटे रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली त्योहार के दौरान लोगों के घरों और दुकानों से खूब कचरा निकला। त्योहारी साफ-सफाई के चलते दो दिन में ही 1400 मीट्रिक कूड़ा-करकट शहरभर से निकाला गया। इसमें रामकी कंपनी की 240 सफाई गाड़ियों से पहले दिन 540 मीट्रिक टन और नगर निगम के सफाई वाहनों से 60 टन कचरा साफ किया गया। वहीं त्योहार के दूसरे दिन के 70 वार्डों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान 600 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा तथा निगम की सफाई कर्मचारियों ने 200 टन कचरा साफ किया।



त्योहारी सीजन के कारण शहर में लोगों के घरों और दुकानों से आम दिनों की तुलना डेढ़ गुना ज्यादा कचरा निकला। शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी द्वारा पूर्व में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर प्रतिदिन 500 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा सकरी प्लांट भेजा जाता था, यह मात्रा बढ़कर 700 से 800 मीट्रिक टन तक जा पहुंची है।

### दो दिन में 1400 मीट्रिक टन कचरा परिवहन

त्योहारी सीजन में शहर की सफाई के लिए 240 गाड़ियां लगाई गईं। इसके अलावा नगर निगम के सफाई वाहन भी इस कार्य में लगे रहे। दो दिन में करीब 1400 मीट्रिक टन कूड़ा-करकट पूरे शहर से साफ किया गया।

*- योगेश कुमार, सिटी हेड, रामकी कंपनी*

### ऐसे कचरे की भरमार

एक तरफ जहां जहां शहर की सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी शहर को त्योहारी सीजन में चकाचक करने के दावे करते थक नहीं रही। वहीं इसके उलट शहर के रिहाइशी इलाकों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों पर केला पत्ता के डंठल, फूलों की माला, डिस्पोजल गिलास, थर्माकोल सहित अन्य तरह की सामग्री के ढेर यहां-वहां बिखरे नजर आए, जिसे साफ करने न निगम के कर्मचारी दिखे, न ही रामकी की गाड़ी स्पॉट पर नजर आई। केंद्र के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन द्वारा 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान के निर्देश नगर निगम के लिए भी जारी हुए थे। इस अभियान के लिए निगम आयुक्त ने गत सप्ताह समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश भी दिए। यह अभियान 31 अक्टूबर लक्ष्मीपूजा के दिन जोर-शोर से चला। इसके बाद 1 नवंबर व 2 नवंबर को यह अभियान केवल मेन मार्केट एरिया की सड़कों तक ही सिमटा रहा। बस्ती इलाकों में कचरे का अंबार देखने को मिला।

# खत्म हुई दिवाली की छुट्टी, आज से अस्पताल में लौटेगी रौनक


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ **तीन दिन की छुट्टी शनिवार को भी कम रही मरीजों की संख्या**

रविवार के साथ दिवाली की छुट्टी समाप्त होने के बाद सोमवार से मरीजों की उपचार व्यवस्था सामान्य होने के आसार हैं। तीन दिन की छुट्टी के बाद कल से नियमित रूप से ओपीडी का संचालन होगा। छुट्टी के बीच शनिवार को सरकारी अस्पतालों में ओपीडी हुई थी, मगर मरीजों की संख्या काफी कम थी।

त्योहार के पहले ही सरकारी अस्पताल में पुरानी बीमारी अथवा सामान्य सर्जरी के लिए भर्ती होने वाले मरीज छुट्टी लेकर चले गए थे। कल से ऐसे मरीजों की पुनः वापसी होने के आसार हैं और ओपीडी में भी काफी संख्या में मरीजों के आने के आसार हैं। दीपावली के पहले बुधवार को अस्पतालों में ओपीडी हुई थी, मगर काफी कम संख्या में मरीज वहां इलाज के लिए पहुंचे थे। इसके बाद गुरु और शुक्रवार को ब्राह्य रोग विभाग में मरीजों की जांच और इलाज नहीं हुआ। शनिवार को ना के बराबर ओपीडी हुई और रविवार छुट्टी रही। इस दौरान अस्पतालों में गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को ही उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही थी। त्योहार की खुमारी के दौरान अस्पताल में किए जाने वाले नियमित ऑपरेशन के लिए भी सोमवार के बाद की तारीख तय की गई थी। कल से व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है।

# हनुमान मंदिर में पूजा पाठ, प्रसाद वितरण भी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ **अन्नकूट गोवर्धन के साथ ही गोमाता की पूजा की गई**

संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर चौक पर शनिवार को हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर श्री शर्मा ने बताया कि कार्तिक शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा का पर्व विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और गोमाता को समर्पित है, इसलिए इसमें श्रीकृष्ण और गायों की पूजा होती है। इसी दौरान अन्नकूट गोवर्धन के साथ ही गोमाता की पूजा की गई। गाय को खिचड़ी बनाकर खिलाई एवं प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक/202410114900025/अ-6/2023-2024
रायपुर दिनांक 08/10/2024, ग्राम-अमलीडीह प.ह.न. 69, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण ऑनलाईन भूईया से प्राप्त प्रकरण ऑनलाईन भूईया से प्राप्त। आवेदकगण कु. शारदा टिकनू, कु.श्यामा टिकनू दोनों निवासी-गंगा कबाड़ी के दुकान के पास मंगल बाजार गुढ़ियारी रायपुर द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व संहिता वास्ते फौती नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 रा.नि.म. रायपुर 11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि / मकान नंबर नया 46 (डी-16) खसरा नंबर 165/13 का भाग रकबा क्षेत्रफल 950 वर्गफुट जिसके भूतल पर 800 वर्गफुट भाग पर नव निर्मित आर.सी.सी. छत वाला मकान निर्मित है जिसे आवेदिकागण द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 19/01/2018 से क्रय कर कास्त काबिज में है क्रय पश्चात आवेदिकागण द्वारा अपने नाम पर नामांतरण नही करा पाये थे आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में विक्रेता के नाम पर दर्ज है जिसे पंजीकृत बैनाबा के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने का आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 24/10/2024 को नियत है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 05/11/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

# तिल्दा पुरानी बस्ती में मातर का कार्यक्रम, अखाड़े का आयोजन

**तिल्दा नेवरा।** वार्ड 19 पुरानी बस्ती तिल्दा में मातर कार्यक्रम में आज देर शाम अखाड़े का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मां मावली माता मंदिर के सामने किया गया। जहां पर छोटे छोटे बच्चों ने अखाड़े की सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही अखाड़े के बाद रात्रि में वार्ड के पार्षद लक्ष्मी नारायण वर्मा के नेतृत्व में खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए।



# दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**तरपोंगी।** क्षेत्र में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गावों में सभी जगह सामाजिक सद्भावना के माहौल के बीच पर्व को मनाया गया। लोगों ने मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से दीवाली मनाई। पारम्परिक तौर तरीका के साथ धनतेरस से भाई दूज मातर तक त्यौहार का उमंग रहा। गौरा-गौरी की शोभायात्रा निकाली, जिसमें जमकर लोगों की आस्था दिखाई दी।



## पेज 07 के शेष ...

### नहाय खाय की रस्म...

महादेवघाट स्थित खारून नदी तट पर आयोजित होगा। इस बार छठ घाटों की सफाई आधी-अधूरी होने से निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं चार दिवसीय महापर्व को लेकर छठ पूजा महापर्व आयोजन समिति ने घाट की सफाई को लेकर तैयारी शुरु कर दी है। छठ महापर्व के मौके पर राजधानी के बिरगांव स्थित ब्यास तालाब, महादेवघाट स्थित खारुन नदी तट सहित अन्य 50 स्थानों पर छठी मइया की पूजा अर्चना की जाएगी। नगर निगम जोन 8 को महादेवघाट की सफाई का जिम्मा दिया गया है। घाट की सफाई मंदिर वाले क्षेत्र से लेकर पूल के पास सफाई मित्रों के द्वारा कराए जाने की तैयारी है। राजधानी में महादेवघाट में छठ पूजा के मौके पर छठी मइया का गुणगान करने मुंबई, लखनउ सहित छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। स्वच्छता का संदेश देने वाले इस महापर्व में 7 नवंबर को डूबते हुए सूर्य देवता को पहला अर्ध्य दिया जाएगा। 8 तारीख को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।

### बहन के साथ प्रेम...

क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हत्या सहित अन्य अपराधिक मामलों की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में टीआई अविनाश सिंह को लाइन अटैच कर सत्येंद्र सिंह श्याम को तिल्दा टीआई की जिम्मेदारी दी है।

### खड़े ट्रक से...

के पास एक तेज रफ्तार कार आ गई, जिससे बचने के लिए राहुल ने अपनी बाइक मोड़ी दी, इसी दौरान सीमेंट गैरेज के बाहर खड़े ट्रक को राहुल अंधेरा होने की वजह से नहीं देख पाया और उसकी बाइक ट्रक से टकरा गई।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

FESTIVE SPECIAL OFFER
Bedsheet Factory
मानसरोवर
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

CCTV Biometrics Fire Safety Video Conf. Networking & IT Solutions Vehicle Traking
Fire Detection Boom Barrier Gate Automn Audio Conf Smart Class Set up Walky Talky Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**रायपुर**। भाईदूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा न्यू शांतिनगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजा-अर्चना की गई। साथ ही रविवार को शाम 5.30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह जानकारी समाज के संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 नवंबर को शाम 5 बजे से होटल प्रकाश पैलेस में होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. अविनाश, विट्ठल श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, नितिन खरे, मंजू वर्मा, डॉ. सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### मातर में अखाड़ा का किया प्रदर्शन



**रायपुर**। ग्राम मटिया में मातर कार्यक्रम में अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। विगत 30 वर्षों से इसका संचालन किया जा रहा है। मातर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के गृहग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, रामचंद्र साहू, अतुल वर्मा, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष, समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गौरा-गौरी उत्सव आस्था का प्रतीक



रायपुर। प्राचीन दूधाधारी मठपारा के चिरंजीव तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शानदार आयोजन किए, जिसमें पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर पहुंचे और उन्होंने कहा, गौरा-गौरी आस्था के प्रतीक हैं, भगवान शिव और पार्वती के अवतार हैं, पहले गणेशजी और दुर्गा माता की झांकी निकलती थी, लेकिन पिछले 25 वर्षों से यह परंपरा शुरू हो गई है और गौरा-गौरी की भी झांकी निकाली जाती है। इसमें विभिन्न मोहल्ले के आयोजक विसर्जन करने दूधाधारी मठपारा पहुंचते हैं। यह उत्सव मया देदे और मया लेले का त्योहार है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, सतनाम सिंह, चंद्रपाल धनगर, सुमित दास, मल्लिका प्रजापति, जीवनलाल ध्रुव, गोपाल वर्मा, बजरंग धीवर आदि शामिल थे।

### दीपावली पर किया भंडारा, बांटी सामग्री



**रायपुर**। साधक परिवार द्वारा पर दीपावली के अवसर पर रविग्राम में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे प्रार्थना, वंदना, आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पं. हेमंत शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान की महिमा व दिवाली पर्व पर दीप की महिमा बताकर साधक परिवार के उद्देश्य को सुंदर ढंग से समझाया। कार्यक्रम में शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल महाराज की विशेष उपस्थिति रही। साधक परिवार ने जरूरतमंद परिवारों में दीये, बाती, तेल, चावल, दाल, खजूर, पोहा, आटा, मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन में संत युधिष्ठिर महाराज, पं. हेमंत शास्त्री, शक्तिधाम के मोहन लाल तेजवानी, सिंधु शक्ति के किशोर आहूजा, भाजपा के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, सिंधी समाज के शंकर लाल दानवानी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, विजय अमरानी, मनोज गोगिया, डी. नारायण राव, यशवंत वर्मा सहित महिला मंडल की बहनें और बाल संस्कार के सेवादारी उपस्थित रहे।

# बारिश खत्म, धीमे-धीमे तापमान में गिरावट, आउटर में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में बारिश की गतिविधि समाप्त होने के बाद रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इसके प्रभाव से बाहरी इलाकों में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। अभी अंबिकापुर में तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री कम हो चुका है, मगर राजधानी का पारा चार डिग्री चढ़ा हुआ है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिन की तुलना में रात की लंबाई में वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से जमीन को ठंडा होने का वक्त मिलने लगा है। इसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया। माना जा रहा है कि न्यूनतम तापमान में अभी बड़ी गिरावट तो नहीं होगी, मगर कमी आने का दौर जारी रहेगा। अब तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से बादल छाए हुए थे और कहीं-कहीं बारिश भी हो रही थी। एक नवंबर से वर्षा की गतिविधि पर पूर्ण विराम लग गया है। इसके बाद रात के तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना बढ़ गई है। अभी शहर के मध्य इलाकों में वाहनों की आवाजाही अधिक होने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है, मगर आउटर में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। सरगुजा संभाग में सुबह के वक्त हल्की ठंड की दस्तक हो चुकी है। यहां का तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री तक नीचे जा चुका है, जबकि रायपुर समेत अन्य शहरों का तापमान सामान्य से काफी अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 23.3 जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक तथा दिन का अधिकतम तापमान 34.1 सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है। अगले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### अंबिकापुर में डेढ़ डिग्री कम हुआ पारा, शहर में चार डिग्री ज्यादा

#### 89 साल पहले सबसे ज्यादा और सबसे कम

रायपुर में 89 साल पहले यानी 1935 में नवंबर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री 22 नवंबर को दर्ज किया गया था। इसी तरह 1935 में ही 2 नवंबर को तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वर्ष 1924 को सर्वाधिक मासिक वर्षा 138 मिमी. हुई थी और चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा 70 मिमी. वर्षा 2 नवंबर 1930 में हुई थी।



फाइल फोटो

## सब्जी विक्रेताओं को उचित मूल्य, लोगों को हरी सब्जी दिलाने की मुहिम फेल

# 1.28 करोड़ के उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे सब्जी उत्पादक, मंडी बोर्ड 4 साल में नहीं ले पाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

किसानों के लिए उपभोक्ता बाजार बनवाने के बाद कृषि मंडी बोर्ड भूल गया है। किसानों से फीडबैक लिए बिना पंडरी और गंजपारा में 150 से ज्यादा दुकानें बनवा दी गईं। 6 साल पहले बाजार का शुभारंभ करवाने के बाद अब जिम्मेदार किसानों को बाजार से जोड़ने में नाकाम हैं। इससे चार साल से बाजार में सन्नाटा पसरा है। किसान बाजार में सब्जी लेकर आने का जोखिम अभी भी नहीं उठाना चाहते। इससे लोगों को किसानों से रोज हरी-सब्जी खरीदने की सुविधा भी नहीं मिल रही है।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में कृषि उपज मंडी बोर्ड ने शासन के आदेश पर करीब 6 साल पहले पंडरी में करीब 96, गंजपारा में 60 दुकानों का निर्माण करवाने पर क्रमशः 92 व 36 लाख रुपए यानी 1.28 करोड़ खर्च किया। विगत चार साल से सब्जी बाजार वीरान पड़ा है। दोनों ही क्षेत्र में शहर के आसपास बाड़ी में सब्जी बेचने वालों को निःशुल्क बाजार देने के लिए किया गया प्रयास इस कारण भी फेल हुआ, क्योंकि कोविड के दौरान किसानों और थोक सब्जी विक्रेताओं के बीच बाड़ी से सब्जी लेन-देन का नया सिलसिला शुरू हो गया। इसे देखते हुए किसानों ने व्यापारियों को बाड़ी से ही सब्जी बेचना शुरू कर दिया। इससे सब्जी उत्पादक बाजार तक आने से बचने लगे, क्योंकि उन्हें घर बैठे उचित मूल्य मिलने लगा और गाड़ी भाड़ा भी बच रहा है। नतीजा, रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया है।



### सही मूल्य दिलाने की पहल

शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को कोचियों से बचाने और सही मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार बनवाया। पंडरी में बाजार शुरू होने से लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा था। देवेन्द्र नगर, राजातालाब ,लोधीपारा, फाफाडीह सहित आस-पास के लोग सब्जी लेने पहुंचते थे। सालभर से भी ज्यादा समय तक बाजार गुलजार रहा। इस बीच कोविड शुरू हुआ व बाजार में किसानों को आने की मनाही ने उसे विरान किया। अब व्यापारियों व किसानों में लेन-देन शुरू होने से वे उपभोक्ता बाजार में नहीं आए।

### नहीं शुरू हुआ यह बाजार

रामसागर पारा, समता कॉलोनी, बढ़ईपारा सहित आस-पास के लोगों को गंजपारा में बनवाए किसान उपभोक्ता बाजार से जोड़ने के लिए निर्माण में बड़ी लापरवाही हुई। पार्किंग की स्थिति जांचे बिना बाजार बनवाने से किसानों ने वहां आने से इंकार किया। इसके चलते बाजार बनने के बाद शुरू नहीं हुआ। इसके लिए बोर्ड ने कई बार निगम से जमीन मांगा, मगर प्रक्रिया जुबानी रह गई। इससे दोनों बाजारों का बुराहाल है। गंजपारा में बनवाए गए बाजार में आस-पास कारोबार करने वाले सामान रखने लगे हैं, इसलिए भी बाजार शुरू नहीं हुआ।

### प्रभारी तय किया हैं, करेंगे प्रयास

उपभोक्ता बाजार में सब्जी उत्पादकों को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास जारी है। इसके लिए बोर्ड ने प्रभारी भी तय किया है। उनके माध्यम से धान की कटाई के बाद एक बार फिर नए सिरे से बाजार शुरू करवाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा।

**- प्रदीप शुक्ला,** सचिव, कृषि उपज मंडी, रायपुर

### बाजार के लिए प्रभारी तय

मंडी बोर्ड ने सब्जी उत्पादकों को बाजार में वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया। हर बार किसानों ने बहाना करते हुए अधिकारियों को टालने का प्रयास किया। नए लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास भी फेल हो गया। इसके बाद बाजार शुरू हो इसके लिए बोर्ड के जिम्मेदारों ने उपभोक्ता बाजार का संचालन करने के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। अब दावा किया जा रहा है कि धान की फसल कटाई के बाद दोनों बाजार को शुरू किया जाएगा। बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बाजार को शुरू करवाने के लिए अंतिम बार प्रयास किया जाएगा।

## 30 हजार के पटाखे जब्त

# ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करने वाले यात्रियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- ट्रेनों में जांच के दौरान आरपीएफ ने ज्वलनशील पदार्थ रखे यात्रियों पर की कार्रवाई

दीपावली के दौरान ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करना यात्रियों को भारी पड़ गया। आरपीएफ ने जांच के दौरान ज्वलनशील पदार्थ के साथ सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की है।

कई यात्रियों को जानकारी नहीं होती कि ट्रेन में पटाखे लेकर सफर नहीं कर सकते। आरपीएफ ट्रेन के भीतर और स्टेशनों में लगातार यात्रियों के बैग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में अभी तक 30 हजार से अधिक का पटाखा जब्त किया जा चुका है। प्लेटफार्म 1 के पास बेंच में एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर बैग में पटाखा होना बताया और अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद धारा 164 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर को सुपुर्द किया गया। पोस्ट प्रभारी रायपुर के आदेश पर आरोपी अनिल कुमार नागेश्वर के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### जानकारी होने के बाद भी बैग में रखा पटाखा


प्लेटफार्म में सेफ्टी ड्राइव व जांच के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। इस दौरान एक प्लास्टिक बैग में विस्फोटक पदार्थ पाया गया। विस्फोटक पदार्थ को रेलवे में लाने और परिवहन करने के संबंध में कोई वैधानिक अधिकार पत्र की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं कर सका और अपनी गलती स्वीकार की। आरोपी गंगेश्वर वर्मा को रेलवे अधिनियम की धारा 164 का उल्लंघन करना पाकर धारा 179 रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया।

# बागेश्वर धाम सरकार ने योगी के बयान 'बंटोगे तो कटोगे' का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बंटोगे तो कटोगे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि वे भारत को एक करने 21 से 29 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे। इसका मकसद भारत को एक करना है। हिंदुओं को जो जात-पात, भेदभाव में बंटे हैं, उन्हें एकजुट करने पदयात्रा निकाली जाएगी, क्योंकि अब करो या मरो की बारी है।

रविवार को राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बागेश्वर धाम सरकार ने ये बातें कही। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र दूंगा। अगर हिंदू एक साथ रहेंगे, तो गैर सनातनी लोग हिंदुओं को तोड़ नहीं पाएंगे।



- मीडिया से चर्चा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा

### अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में हिंदुओं के दुकान खोलने वाली मांग का मैं समर्थन करता हूं। यह सही है कि जो लोग सनातन धर्म को नहीं मानते, वह संतों का क्या सम्मान करेंगे। उससे द्वंद्ध पैदा होगा। विदित हो, प्रयागराज महाकुंभ में गैर हिंदुओं को दुकान नहीं दिए जाने के अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के बयान का बागेश्वर धाम सरकार ने समर्थन किया है और कहा है कि अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी है, अति उत्तम सोच है। जब राम से तुम्हारा कोई काम नहीं है, तो राम के काम से क्या काम है।

# 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षक 11 को सीएम के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर को सभी विकासखंड मुख्यालयों में आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद हजारों शिक्षक मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। इसके साथ ही समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत आंदोलन के पहले चरण में 4 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। दूसरे चरण में 24 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर शासन का ध्यान सहायक शिक्षकों के लंबित मांग की ओर आकर्षित कराया गया। इसी कड़ी में 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार की मांग करने अनोखा प्रदर्शन किए। अब 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तरह 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- वेतन विसंगति दूर करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।
- सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश जारी हो।
- शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने की मांग।

# बार नवापारा में विचरण कर रहा बाघ रहवासी क्षेत्र में पहुंचा

- बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वनकर्मियों को नहीं मिली छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बारनवापारा में पिछले नौ महीने से विचरण कर रहा बाघ रविवार को कसडोल वन परिक्षेत्र के रहवासी क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। बाघ के रहवासी क्षेत्र में आने की पुष्टि आसपास लगे ट्रैप कैमरे से हुई है। बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बलौदाबाजार वनमंडल के अतिरिक्त वनकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा बाघ मॉनिटरिंग के लिए लगी स्वयंसेवी संस्था के साथ वनकर्मी बाघ के लोकेशन की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस बात की पुष्टि एक वन अफसर ने नाम न छापने की शर्त पर की है।

वन अफसर के अनुसार रविवार तड़के चार बजे कसडोल स्थित सीताखोल के पास आसपास के रहवासियों ने बाघ की दहाड़ सुनी। सुबह छह बजे के करीब बाघ विचरण करने के क्षेत्र में लगाए गए ट्रैप कैमरा की जांच की गई, तो उसमें बाघ के मूवमेंट करने की जानकारी मिली।

बाघ के मूवमेंट करने की जानकारी मिलने के बाद बाघ के संभावित विचरण क्षेत्र में वनकर्मियों की टीम बाघ की मॉनिटरिंग करने में जुट गई। बाघ किसी तरह से जान माल का नुकसान नहीं करे, इसके लिए लोगों को अलर्ट किया गया है। इसके साथ ही बाघ के विचरण क्षेत्र में लोगों की आवाजाही करने पर रोक लगा दी गई है।

### टाइगर मॉनिटरिंग टीम बाघ की सुरक्षा के लिए तैनात



### पहली बार दिखा इलाके में बाघ

स्थानीय रहवासियों के मुताबिक कसडोल के जिस इलाके में बाघ विचरण करने पहुंचा है, उस इलाके में बाघ पहली बार पहुंचा है। अफसरों के अनुसार बाघ पूर्व में भी रहवासी क्षेत्र में विचरण करते हुए घने वन क्षेत्र में चला गया है। बाघ ने अब तक किसी तरह से जान माल का नुकसान नहीं किया है।

### दीपावली पर भी लगाई गई ड्यूटी

बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वनकर्मियों का इस बार दीपावली अवकाश कैंसिल कर दिया गया। वनकर्मियों को लगातार बाघ पर नजर रखने तथा उसके मूवमेंट की जानकारी देने के लिए निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में जिस एरिया में बाघ विचरण कर रहा है, उस वन क्षेत्र में सात से आठ गांव जुड़े हुए हैं। ऐसे में वनकर्मियों को बाघ की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी रड़ रही है।

# लभांडी की पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने स्मार्ट सिटी से मिलेगा फंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने रायपुर स्मार्ट सिटी नगर निगम को फंड उपलब्ध कराएगी।

इस संबंध में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा। बोर्ड आफ डायरेक्टर की स्वीकृति मिलते ही लभांडी सहित आसपास के रहवासियों को नई पानी टंकी से बारहों महीना पीने का शुद्ध पानी बिना किसी दिक्कत के उपलब्ध होने लगेगा। नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नहीं हैं।

डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।



- स्मार्ट सिटी ने निगम के भेजे पत्र पर लिया संज्ञान
- बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय
- डेढ़ साल से अटका काम

### स्मार्ट सिटी से मांगा है फंड

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा के मुताबिक अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरू कराने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की गई है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है, जिसे क्लीयर कर बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने पर लभांडी पानी टंकी से राइजिंग लाइन को जोड़ने और नई पाइप लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो जाएगा। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरू करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग की जाएगी।

